नई दिल्ली
सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 192
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 22.5

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



खेल पेज
11 न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, 8 विकेट से मिली हार

# देसी बम से धमाकाः एनआईए, एनएसजी और एफएसएल को आशंका-कहीं दिल्ली को दहलाने की आतंकी साजिश तो नहीं?

## 'सफेद पाउडर' ने जांच टीम को चौंकाया, टेरर एंगल से भी जांच

धमाके के बाद धुंए का गुबार उठा और आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी

*यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने विस्फोटक की रिपोर्ट मांगी है।*



### सीसीटीवी वीडियो आया सामने, 17 सेकंड में पता चल गया कितना जोरदार था धमाका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास एक जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके के बाद दीवार में दरार पड़ गई। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। मौके पर एनआईए, एनएसजी और एफएसएल की टीम पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। घटनास्थल से सफेद पाउडर मिला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्त्रोत क्या है। विस्फोटक अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में गृह मंत्रालय ने विस्फोटक की रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ▸▸ शेष पेज 7 पर

सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर बम धमाका

कोई हताहत नहीं स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और कार को नुकसान



### धमाका क्रूड बम के किया गया लगता

मौके पर से जांच टीम को सफेद पाउडर मिला है। यह पाउडर एक दीवार पर से मिला है। अब टीम इसकी जांच कर रही है कि आखिर ये पाउडर क्या है। क्या यह कोई विस्फोटक पदार्थ है। साथ ही सूत्र इस बात की भी आशंका जता रहे हैं कि धमाका देसी बम का हो सकता है। दिवाली से पहले हुए इस जोरदार धमाके की टेरर एंगल से भी जांच की जा रही है। सूत्रों की मानें तो धमाका क्रूड बम के किया गया प्रतीत होता है। शुरुआत में सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका जताई गई थी। हालांकि, इस संबंध में किसी तरह की पुष्टि नहीं हो पाई है।

जहां धमाका हुआ, वहां से रोहिणी कोर्ट 800 मीटर दूर

### आसपास के इलाकों के देखे जा रहे सीसीटीवी फुटेज

मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता भी पहुंचा। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके रही। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये सख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए। वहीं, एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

### दिल्ली पुलिस को तेज विस्फोट की मिली थी सूचना

दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता संजय त्यागी ने बताया कि रविवार सुबह प्रस्थान विहार से एक तेज विस्फोट की सूचना मिली। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां उन्हें एक अप्रिय गंध महसूस हुई और स्कूल परिसर में टूटे हुए खिड़कियों के कांच मिले। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फोरेंसिक विभाग, क्राइम टीम और विशेष प्रकोष्ठ के विशेषज्ञ जांच कर रहे हैं।

## फिर विमानों में बम की धमकी

## आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय, उतारी गईं सभी फ्लाइट्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा ▸▸ शेष पेज 7पर



## देर रात हुआ बड़ा हादसा

## बस ने टेंपो को मारी टक्कर 8 बच्चों समेत 12 की मौत

एजेंसी ▸▸ धौलपुर

राजस्थान के धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात को एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेंपो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले ▸▸ शेष पेज 7पर



## 'एनडीए' का मतलब नरेंद्र दामोदरदास का अनुशासन



### वाराणसी में शंकराचार्य ने की पीएम मोदी की तारीफ

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी को करोड़ों की सौगात देने पहुंचे। सबसे पहले हरहुआ के हरिहरपुर में बने आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल का ▸▸ शेष पेज 7 पर


## सरकार का बड़ा फैसला, सीएसआर का पैसा इंटर्नशिप स्कीम पर 'खर्च' कर सकेंगी पब्लिक सेक्टर कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अच्छी खबर

केंद्र सरकार ने पीएम इंटर्नशिप स्कीम को तेजी देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब पब्लिक सेक्टर कंपनियां अपना कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) का पैसा सरकार की इस महत्वाकांक्षी स्कीम पर खर्च कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने ▸▸ शेष पेज 7 पर






AUTHORIZED NISSAN DEALERS: DELHI/NCR: DELHI: DWARKA: JUBILANT NISSAN- 8291047061, MOTI NAGAR: JUBILANT NISSAN- 8291049380, OKHLA: YOUWE NISSAN- 9619894825, PATPARGANJ : BRITE NISSAN- 8291095433, PRASHANT VIHAR: JUBILANT NISSAN- 9619895041, SAFDARJUNG: YOUWE NISSAN- 8291104027, HARYANA: GURUGRAM: SECTOR 14: VERTEX NISSAN- 8291044902, GURUGRAM: SOHNA ROAD: VERTEX NISSAN- 8291103693, FARIDABAD: YOUWE NISSAN - 8291104586, BHIWANI: ELINA NISSAN- 9167220345, KARNAL: BA NISSAN- 9619951613, REWARI: ELINA NISSAN- 9619953504, ROHTAK: BA NISSAN- 8291041277, UTTAR PRADESH: NOIDA: BRITE NISSAN- 9167298618, NOIDA SECTOR-63: BRITE NISSAN- 9167258352, GHAZIABAD: ADIV NISSAN- 8291047453, MEERUT: ADIV NISSAN - 9619894235, RAJASTHAN: ALWAR: TIRUPATI NISSAN- 9619894676.

†Terms & conditions apply. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours are indicative only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. **The scheme is applicable on vehicles invoiced on or before 31st Oct 2024. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance is at the sole discretion of finance partners and NRFSI. *Segment/Class refers to B-SUV models with Length <4m. ^Leather mentioned in the features refers to Synthetic leather/Leatherette. ‡Standard Warranty 3 years or 100k kms whichever comes first. PlasmaCluster® is a registered trademark of the Sharp Corporation.

NISSAN FINANCE
TBWA\33820924

## भाजपा अपना काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है

# स्कूल के बाहर बम ब्लास्ट दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था की खोल रही है पोल : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुए बम ब्लास्ट पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि यह घटना दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार के पास है लेकिन भाजपा अपना ये काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट कर कहा कि रोहिणी स्थित एक स्कूल के बाहर बम ब्लास्ट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी भाजपा की केंद्र सरकार के पास है। लेकिन भाजपा अपना ये काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। यही कारण है कि आज दिल्ली में 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के दौर जैसा हाल हो गया है। शहर में सरेआम गोलियां चल रही है, गैंगस्टर वसूली कर रहे हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। भाजपा के पास ना काम करने की नीयत है ना क़ाबिलियत। अगर गलती से भी दिल्ली वालों ने इन्हें दिल्ली सरकार की ज़िम्मेदारी दे दी तो ये स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी का भी वही हाल कर देंगे जो आज दिल्ली की कानून व्यवस्था का है।



### रोहिणी धमाकों के दोषियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा: सक्सेना

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में रविवार को रोहिणी स्थित सीआरपीएफ स्कूल के निकट हुए बम जैसे धमाके पर संज्ञान लेते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि एक भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। एलजी ने कहा कि दिल्ली में आज हुए इन धमाकों की जांच कई एजेंसियों द्वारा की जा रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि मैं खुद जांच की प्रगति पर लगातार नजर रख रहा हूँ और भरोसा दिलाता हूँ कि दोषियों को सजा जरूर मिलेगी। धमाके के बाद लोगों में दहशत व डर को दूर करने के लिए एलजी ने दिल्ली वालों से अपील की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी से संयम बरतने और डर फैलाने से बचने की अपील करता हूँ।

### सुरक्षा के मुद्दों पर भी राजनीति करना आम आदमी पार्टी की फितरत : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को रोहिणी के प्रशांत विहार में हुए बम धमाके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी के बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें आतिशी ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। गुप्ता ने कहा कि मैं आतिशी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का भी राजनीतिकरण करना आम आदमी पार्टी (आप) की घटिया सोच को उजागर करता है। नेता विपक्ष ने कहा कि यह कितने शर्म की बात है कि वातानुकूलित बंद कमरों में बैठकर राजनीतिक रोटियां सेंकने वाली आप की मुख्यमंत्री, मंत्री या किसी भी नेता ने घटना स्थल पर जाने की जहमत नहीं उठाई। गुप्ता ने कहा कि इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता और बतौर विधायक वह घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्रीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि गनीमत है कि इस विस्फोट में किसी जान माल की क्षति नहीं हुई और केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां मौके पर पहुंचकर राहत कार्य और तफ्तीश में जुट गई। उन्होंने आप पर आरोप लगाते हुए कहा कि सुरक्षा जैसे मुद्दों का राजनीतिकरण करने से पहले आम आदमी पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और दिल्ली की समस्याओं से निपटने में अपनी असफलताओं पर ध्यान देना चाहिए। दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण, टूटी सड़कें, चरमराती परिवहन व्यवस्था की लंबी फेहरिस्त है ये और इसका खामियाजा जनता भुगत रही है। दिल्ली की जनता ने अगले चुनाव में आप आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर इन्हें भ्रष्टाचार और इनकी कारगुजारियों की सजा देंगे।

### दिल्ली को चला रहे है गैंगस्टर : सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी में स्कूल के बाहर बम ब्लास्ट की घटना के बाद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि भाजपा दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर गैंगस्टर के हाथों में सौंप दिया है। भाजपा से लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति खराब कर के रख दी है। आज हम सभी खतरे में है। कानून व्यवस्था ठीक करने की बयाज भाजपा का सारा ध्यान दिल्ली में 'आप' सरकार के काम रोकने पर है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 'आप' के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज के साथ रविवार को प्रेसवार्ता में कहा कि त्योहारों से पहले दिल्ली में रोहिणी इलाके के एक स्कूल के पास हुआ यह बम धमाका बहुत चिंता करने वाला है। त्योहारों के अवसर पर जब लोग जगह-जगह इकट्ठा हो रहे हैं, मार्केट में भीड़ है। बहुत सारी गतिविधियां हो रही हैं। अलग-अलग जगहों पर दिवाली मिलन के कार्यक्रम चल रहे हैं। आने वाले दिनों में बाजारों में और भीड़ बढ़ेगी, ऐसे में दिल्ली के अंदर धमाका होना यह बताता है कि हमारी केंद्र सरकार किस तरह हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। उनको दिल्लीवालों की कोई चिंता नहीं है। इस धमाके से स्कूल की दीवार गिर गई। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि आज रविवार था जो कि छुट्टी का दिन था। अगर ये हादसा स्कूल जाने के दिन हुआ होता तो क्या होता? उन नन्हे और मासूम बच्चों पर क्या गुजरती जो अपना भविष्य बनाने के लिए वहां पढ़ रहे हैं? सिसोदिया ने कहा कि इस धमाके के बाद से केवल मैं ही डरा हुआ नहीं हूं। सुबह से मेरे पास कम से कम दो दर्जन लोगों के फोन या मैसेज आए हैं। लोग सलाह दे रहे हैं कि मनीष, भीड़ में मत जाना, दिल्ली में हालत खराब है। लोग कह रहे हैं कि आप पदयात्रा करने के लिए लोगों के बीच जाते हो, अभी दिल्ली में मत जाना, कहीं भी कुछ भी हो सकता है। भाजपा एकदम हाथ पर हाथ रखकर सोई हुई है, उसको कोई चिंता नहीं है दिल्ली में क्या होगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह केवल रविवार की घटना नहीं है। दिल्ली की वेलकम कॉलोनी में शनिवार को खुलेआम 60 राउंड फायरिंग हुई है। इस घटना में एक लड़की घायल भी हुई है। दिल्ली में ये क्या हो रहा है? कहीं से भी कोई आकर ब्लास्ट कर दे रहा है। कहीं से कोई गैंगस्टर आकर खुलेआम हवा में 60-60 राउंड फायरिंग करके चला जा रहा है। किसी गैंगस्टर को कोई डर नहीं है। दिल्ली में लगभग रोज हो रही है कि किसी दुकानदार को धमकी दी जा रही है। उसके दुकान के सामने फायरिंग की जा रही है। लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। दिल्ली की पुलिस भाजपा के हाथ में है, लेकिन उससे पुलिस और कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि संभल जाइए। दिल्ली और इसकी कानून व्यवस्था खतरे में है। दिल्ली को गैंगस्टर चला रहे हैं। हम फिल्मों में देखा करते थे कि 1990 में मुंबई में गैंगस्टर का राज था। आज दिल्ली में भी गैंगस्टर का राज हो गया है। अगर भाजपा में थोड़ी भी शर्म बाकी है तो वह दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर को ठीक करने के लिए काम करे। मैं दिल्लीवालों से भी कहता हूं कि उन्होंने भाजपा को दिल्ली का लॉ एंड ऑर्डर और पुलिस देकर देख लिया, भाजपा को कुछ नहीं आता है। उसे केवल तबाह करना आता है। इनको केवल बर्बाद करना आता है।

### दिल्ली में बम ब्लास्ट हो गया एलजी कहां हैं : सौरभ

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कहीं पर पानी भर जाए तो एलजी तुरंत सीवर का मुआयना करने जाते हैं। कहीं सड़क खराब हो जाए तो सड़क का मुआयना करने जाते हैं। शनिवार को दिल्ली की वेलकम कॉलोनी में दो पक्षों के बीच में 60 राउंड फायरिंग हुई है। एलजी कहां हैं? रविवार को दिल्ली में बम ब्लास्ट हो गया, एलजी कहां हैं? मेरी जानकारी में एलजी दिल्ली में नहीं हैं। वो शायद मंगलवार को गोवा से लौटेंगे। मेरी उनसे दरख्वास्त है कि आपकी जिम्मेदारियां हैं, आपकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं। आप यहां पर आएं और उन जगहों का मुआयना करें। और एलजी रोज शाम को एक थाने का निरीक्षण करें ताकि दिल्ली के अंदर काननू-व्यवस्था बेहतर हो सके।

### दिल्ली में लूट डकैती के लिए आप व भाजपा जिम्मेदार: यादव

नई दिल्ली। दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि राजधानी में अब दिन दहाड़े गोली बारी, लूट, डकैती हत्या आम बात बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया अपराध की राजधानी बन चुकी दिल्ली के लिए सीधे आम आदमी पार्टी व भाजपा जिम्मेदार है। दिल्ली में कानून व्यवस्था इस कदर चरमरा चुकी है कि आज दिन दहाड़े खुले आम गोलीबारी हो रही है। बम प्लांट किए जा रहे, वसूली और गन पाइंट पर लूटमार के मामले सामने आ रहे है। जिससे यह पूरी तरह साफ हो गया है कि राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि आज सुबह रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ बम्ब धमाका बेहद चौकाने वाला है। क्योंकि त्यौहारी सीजन में धमाका होना दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था की चौकसी की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि यह चौकाने वाला है कि फोरेंसिक विभाग ने शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल बताया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वो भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से पहले अपने आसपास ध्यान करें कि कहीं कोई अपराधिक गतिविधि तो नही हो रही। यादव ने कहा कि दिल्ली में बदलाव की बयार चल रही है, मैं जहां भी जाता हुं कि वहां लोग भाजपा और आम आदमी पार्टी से बहुत दुखी महसूस कर रहे है। दिल्ली की जनता ने भाजपा और आम आदमी पार्टी को कुछ उम्मीदों और अपने सपने पूरे होने के लिए चुना था परंतु दोनों सरकार की नीति और नियत पूरी तरह उजागर हो चुकी है। जनता कह रही है कि अब केजरीवाल का और धोखा बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने मन बना लिया है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में झूठे सपने के सौदागर, धोखेबाज केजरीवाल को बाहर का रास्ता दिखाना है।

### कलाई की नसें काटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुई महिला को देखकर बेहोश हुए मित्र की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में कलाई काटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुई महिला मित्र की हालत देखकर एक व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि उसकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन वह सटीक कारण पता लगाने के लिए और जानकारी सामने आने की प्रतीक्षा कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि लगभग साढ़े तीन बजे आनंद विहार थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करके अस्पताल में एक व्यक्ति के बेहोश होने के बारे में जानकारी दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस कैलाश दीपक अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक चिकित्सक 30 वर्षीय अरुण नंदा नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर चुकी थी। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि जगतपुरी में रहने वाले अरुण की एक मित्र ने शाहदरा के आनंद विहार इलाके में धारदार चीज़ से अपनी नसें काट ली थीं, जिसके बाद उसे कैलाश दीपक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने कहा, "शुरू में हमें पता चला कि महिला ने नसें काटने के बाद मैसेंजिंग ऐप के जरिए अरुण को अपना वीडियो भेजा था। महिला की हालत देखकर अरुण अस्पताल में ही अचानक बेहोश हो गया, जिसके बाद चिकित्सकों ने जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया।" पुलिस ने बताया कि अरुण के शव को शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए सब्जी मंडी शवगृह भेज दिया गया और फिर पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक ने मृतक का विसरा भी सुरक्षित रख लिया है।

## 20 हजार के विवाद में मारी थी तीन लोगों को गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- एक की हो गई थी मौत, मामले में वांछित आरोपी अरेस्ट

नरेला इलाके में हत्या और हत्या की कोशिश के मामले में वांछित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट किया है। आरोपी साहिल (25) स्वतंत्र नगर का रहने वाला है। यह वारदात चार सितंबर को सामने आई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि 20 हजार रुपये के लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस के मुताबिक 4 सितंबर को वीर प्रॉपर्टीज, नरेला में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पता चला कि तीन लोगों को गोली लगी थी। उनमें दो को अस्पताल ले जाया गया था। प्रॉपर्टी डीलर मनीष ऑफिस में ही सोफे पर मृत पड़ा हुआ था। घायलों की पहचान प्रवीण और कुलबीर उर्फ कालू के रूप में हुई थी। पुलिस ने सतबीर सिंह के बयान पर केस दर्ज किया था। जांच में पता चला कि 20 हजार रुपए को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई थी। इसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पर गोलियां बरसा दी। केस में स्थानीय पुलिस ने दीपक और आशीष को पहले ही अरेस्ट कर जेल भेज दिया था, जबकि तीसरे आरोपी को अपार्टमेंट, नरेला से अरेस्ट किया है। आरोपी साहिल ने बीए की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। आरोपी ने खुलासा किया घटना वाले दिन उसके भाई दीपक ने उसे मौके पर बुलाया था। उसने लाठी से हमला किया था, जबकि उसके भाई दीपक ने फायरिंग की थी।

## बहन से बात करने पर पीट पीटकर मार डाला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



जगतपुरी इलाके में बहन से बात करने पर एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक 18 अक्टूबर को 40 फुटा रोड पर 6-7 व्यक्तियों द्वारा झगड़े और मारपीट की सूचना मिली थी। घायल अर्पित उर्फ गोलू निवासी बी-1, जगतपुरी को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई थी। तड़के करीब चार बजे उसे पेट दर्द की शिकायत हुई। दोबारा जीटीबी अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के जीजा व चश्मदीद कुलदीप के बयान पर जगतपुरी थाने में केस दर्ज किया है। तीन आरोपी ध्रुव उर्फ गोलू, निशु और रवींद्र को अरेस्ट किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला मृतक आरोपी ध्रुव की बहन से बात करता था। यह बात ध्रुव को नागवार गुजरी और प्लानिंग के तहत उसकी पिटाई की गई थी।

## झुग्गी बस्तियों की समस्याओं को लेकर भाजपा नेता प्रदर्शन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में झुग्गी बस्तियों की समस्याओं को लेकर रविवार को भाजपा नेता दिल्ली के 245 झुग्गी क्लस्टरों में आयोजित प्रदर्शनों में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा के झुग्गी विस्तार अभियान के अंतर्गत रविवार को दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता दिल्ली के विभिन्न झुग्गी बस्तियों की समस्याओं को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा झुग्गी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्रदर्शनों में शामिल



हुए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे झुग्गी विस्तार अभियान के द्वारा झुग्गी वासियों की समस्याएं उठाने की सराहना की और कहा कि भाजपा दिल्ली में सत्ता में आएगी तो झुग्गीवासियों को बेहतर जीवन देगी। दिल्ली के 245 झुग्गी क्लस्टरों में आयोजित प्रदर्शनों में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम करोल बाग में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी हरकेश नगर में, योगेन्द्र चंदोलिया शाहबाद डेयरी में, कमलजीत सहरावत गोयला डेयरी में, प्रवीन खंडेलवाल संगम पार्क में, विजेन्द्र गुप्ता आर.के. पुरम में, सतीश उपाध्याय मुनिरका में, विष्णु मित्तल नारायणा विहार में, पवन शर्मा मंगलापुरी में, रमेश बिधूड़ी नवजीवन कैम्प में, मीनाक्षी लेखी इंद्रा कैम्प में, प्रवीण शंकर कपूर पीली कोठी में, राजकुमार भाटिया जहांगीरपुरी में, सुनीता कांगड़ा पंजाबी बाग में, सुशील चौहान सराय काले खान में एवं अन्य नेता विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनों में सम्मलित हुए।

### बिधूड़ी ने की गांवों में 20 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रविवार को संसदीय क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की और इलाके का दौरा भी किया। सांसद बिधूड़ी ने तुगलकाबाद गांव में बाजार मोहल्ला, वाल्मीकि मोहल्ला और प्रजापति मोहल्ला का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों की सभी गलियों और नालियों का निर्माण किया जाए क्योंकि उनकी स्थिति ठीक नहीं है। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि इन विकास कार्यों पर 20 करोड़ रुपए का खर्च होने का अनुमान है। सांसद ने बताया कि इन तमाम कार्यों पर करीब दस करोड़ रुपए का व्यय किया जाएगा। बिधूड़ी ने गांववासियों को विश्वास दिलाया कि बिजली के कनेक्शन भी शीघ्र लगने शुरू हो जाएंगे क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डीडीए से एनओसी लेने की शर्त हटा दी है। बिधूड़ी ने पीने के पानी की सप्लाई में सुधार का भी आश्वासन दिया। बिधूड़ी ने जौनापुर में भी विधायक करतार सिंह तंवर के साथ विकास कार्यों की शुरुआत की। उन्होंने यहां सड़क निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया जिस पर 3 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। बिधूड़ी ने नेबसराय में दो बारात घरों का शिलान्यास किया। क्षेत्र के लोग काफी समय से इसकी जरूरत महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक करतार सिंह तंवर ने की और निगम पार्षद उमेद सिंह फोगाट भी उपस्थित रहे। क्षेत्र की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी तथा अन्य गांववासी भी मौजूद रहे।

## जींस बेचने को लेकर हुए विवाद में चली गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- बालकनी से झांक रही लड़की हुई जख्मी
- पुलिस ने केस में पांच आरोपी किए अरेस्ट
- वेलकम इलाके का मामला

वेलकम इलाके में शनिवार शाम हुई ताबड़तोड़ फायरिंग केस में पांच आरोपी अरेस्ट किए गए हैं। इनसे तीन पिस्टल और कारतूस बरामद हुये हैं। आरोपियों की पहचान समद, शानू, कासिम, हासिम व मोहम्मद नूर के तौर पर हुई। सभी आरोपी वेलकम एरिया के रहने वाले हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि दुकानदारों के बीच जींस बेचने को लेकर विवाद हुआ था।

डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार 19 अक्टूबर की शाम राजा मार्किट वेलकम के पास जेड-2 में झगड़े और गोलीबारी के संबंध में सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर आठ खाली कारतूस मिले। गली में दो जिंदा कारतूस और सात विकृत धातु के टुकड़े भी पाए गए। इस घटना के दौरान गोली लगने से एक लड़की घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह बालकनी से झांक रही थी। पुलिस का कहना है कि समद और शानू का जींस का कारोबार है। 3-4 महीने पहले समद ने जींस फरीदाबाद में मुनीर नामक व्यक्ति को धोने के लिए दी थी, लेकिन मुनीर ने उसकी जींस किसी अज्ञात व्यक्ति को बेच दी थी। एक महीने पहले शानू ने अपनी जींस मुनीर को धोने के लिए दी थी। तीन दिन पहले मुनीर शानू की जींस लौटाने के लिए वेलकम इलाके में आया था, लेकिन समद और अन्य ने शानू की जींस जब्त कर ली और मुनीर से अपने पैसे मांगे। जब शानू को इस बात की जानकारी हुई कि उसकी जींस समद और अन्य ने जब्त कर ली है तो वे शनिवार को समद की दुकान पर आए और उससे जींस वापस मांगी। इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ और दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हो गई।

### सांसद ने सांस्कृतिक धरोहर पुस्तक का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आज की युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से 'एक कदम सांस्कृतिक धरोहर की ओर' पुस्तक का सांसद कमलजीत सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शनिवार को विमोचन किया। इंजीनियर अनिल यादव द्वारा लिखित इस पुस्तक विमोचन के अवसर पर पश्चिमी दिल्ली सांसद कमलजीत सहरावत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। इस मौके पर सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय इतिहास और उसकी धरोहर के बारे में लिखा गया है और यह सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का प्रयास होगा। इसके अलावा महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास और महंत नारायण दास भी मौजूद रहे। नवल किशोर दास ने कहा कि आज जिस तरह से हम अपनी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, ऐसे समय में इस तरह की किताब को सार्वजनिक मंच पर लाना बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने इस किताब की रचना करने के लिए इसके लेखक इंजीनियर अनिल यादव की जमकर सराहना की। इस अवसर पर इंजीनियर अनिल यादव ने कहा कि इस पुस्तक को लिखने के पीछे का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बारे में और उनके इतिहास के बारे में जानने का अवसर मिल सके।

### मुख्यमंत्री आतिशी बंगले में प्रवेश से पहले सभी वर्ग के मीडिया कर्मियों को बुला कर बंगले की हर चीज को सार्वजनिक करें

# केजरीवाल जवाब दें कि आलीशान बंगले से एक करोड़ से अधिक की टायलेट सीट कहां गायब हो गईं : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जवाब दें कि आलीशान बंगले से एक करोड़ से अधिक की टायलेट सीट कहां गायब हो गईं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को दिल्ली में मीडिया एवं सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले की इन्वेंट्री लिस्ट चर्चा में आने के बाद केजरीवाल से यह जानकारी मांगी है। वहीं, उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को सलाह देते हुए कहा है कि वह नैतिकता से काम लें और इस बंगले में प्रवेश से पहले सभी वर्ग के मीडिया कर्मियों को बुला कर बंगले की हर चीज को सार्वजनिक करें। सचदेवा ने कहा है कि आलीशान बंगले को देखते ही समझ आता है कि क्यों पूर्व सीएम केजरीवाल एवं वर्तमान सीएम आतिशी इस बंगले को आम



आदमी की निगाह से दूर रखना चाहते हैं। सचदेवा ने कहा है कि पूरी तरह वातानुकूलित आलीशान बंगले में इन्वेंट्री लिस्ट बताती है कि लगभग 5 करोड़ 60 लाख के परदे और लाखों के सोफे भी सजे हैं। दिल्ली का कोई आम आदमी जो कल्पना ना कर सके ऐसे लाखों के स्टीम ओवन, माइक्रोओवन, काफी मशीन एवं वाशिंग मशीन अरविंद केजरीवाल रूपी आम आदमी ने अपने इस बंगले में लगवा रखे हैं।

### 15 करोड़ से अधिक की लगी सैनेटरी फिटिंग

सचदेवा ने कहा है कि निस्संदेह दिल्ली के मुख्यमंत्री का आवास सुंदर होना चाहिए, उसमें आधुनिक सुविधाएं होनी चाहिए पर सुविधाओं के नाम पर विलासता के सामान पर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली एवं देश में आज भी एक करोड़ का घर खरीदना आधी आबादी के लिए एक दिव्य सपना है पर यहां जो लिस्ट सामने आई है, उसके अनुसार अरविंद केजरीवाल के विलासता के सामनों से परिपूर्ण बंगले में एक करोड़ की तो टायलेट सीट लगी थीं जो अब गायब हैं और 15 करोड़ से अधिक की सैनेटरी फिटिंग लगी है और 5 करोड़ से अधिक की डेकोरेशन सामग्री सजी है।

### स्वाति मालीवाल ने सीएम आवास के सौंदर्यीकरण में हुए खर्च को लेकर केजरीवाल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम आवास के सौंदर्यीकरण पर किए गए खर्च और मैली यमुना को लेकर रविवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस महापुरुष ने ये महल बनाया है उसी ने पूर्व सीएम शीला के घर में लगे 10 एसी के लिए कहा था कि इनके बिल कौन भरता, मैं और आप। आज जब दिल्ली की 40 फीसदी जनता झुग्गियों में रहती है तब कोई सीएम कैसे ऐसे महल में रह सकता है। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 5.6 करोड़ रुपए के रिमोट वाले पर्दे, 1 करोड़ रुपए की रेलिंग, 70 लाख के ऑटोमैटिक दरवाज़े, 65 लाख के टीवी, 30 लाख की रिमोट कंट्रोल लाइट, 12-12 लाख की टॉयलेट सीटें (जो ग़ायब बताई जा रही हैं), 9 लाख का फ्रिज, 4 लाख की मसाज वाली कुर्सी और ना जाने क्या-क्या। जिस महापुरुष ने ये महल बनाया, उसी ने शीला के घर में लगे 10 एसी के लिए कहा था कि कौन भरता है इस सब का बिल, मैं और आप भरते हैं। मेरा तो कलेजा कांप उठता है यह सोचकर कि जब दिल्ली की 40 प्रतिशत जनता झुग्गियों में रहती है तब कोई मुख्यमंत्री कैसे ऐसे आलीशान घर में रह सकता है। वहीं स्वाति ने मैली यमुना पर केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि 2021 में बोले थे, यमुना को इतना साफ कर दूंगा कि 2025 से पहले मैं खुद डुबकी लगाने जाऊंगा। 2025 आने वाला है, यमुना मां इंतजार कर रही हैं।

### हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में पहुंची कर्मचारी यूनियन

**नई दिल्ली।** डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन बुराड़ी इलेक्ट्रिक बस डिपो के हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन करने पहुंचा। संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महासचिव मनोज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर संगठन ने खुलकर कहा कि हम बेशक डीटीसी के कर्मचारी है लेकिन हम इलेक्ट्रिक बस कर्मचारियों का भी हर संभव सहयोग करेंगे। संगठन ने इस मामले पर कहा कि दिल्ली के परिवहन मंत्री से लेकर परिवहन विभाग कोई भी हमारी परेशानियों को नहीं देखता। संगठन इलेक्ट्रिक बस कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय की कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि तुरंत रुका हुआ वेतन जारी किया जाए।

## हरियाणा और यूपी में पराली जलने की घटनाएं बढ़ने से और डीजल बसों से आनंद विहार में बढ़ रहा प्रदूषण

# दिल्ली की हवा और पानी को दूषित कर रहे हैं भाजपा शासित यूपी और हरियाणा : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को भाजपा को दोषी ठहराते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार लगातार दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए काम कर रही है, जबकि भाजपा प्रदूषण पर केवल राजनीति करना जानती है, काम नहीं। दिल्ली की सीएम आतिशी ने प्रैसवार्ता में बताया कि केंद्र सरकार का डाटा खुद कहता है कि पंजाब में आप की सरकार के प्रयासों से पराली जलने की घटनाएं आधी हो गई हैं, उधर भाजपा शासित हरियाणा और यूपी में पराली की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। दिल्ली में आप सरकार सार्वजनिक परिवहन की बसों को तेजी से इलेक्ट्रिक में बदल रही, जबकि आज भी आनंद विहार डिपो पर भाजपा शासित यूपी- हरियाणा से आने वाली सभी बसें डीजल की हैं, जिससे प्रदूषण होता है। दिल्ली में एक भी ईट भट्टा नहीं है, भाजपा शासित हरियाणा-यूपी के हजारों ईट भट्टों से दिल्ली में प्रदूषण हो रहा है। भाजपा शासित हरियाणा की इंडस्ट्री का 165 एमजीडी प्रदूषित पानी यमुना में छोड़ा जाता है, वहीं यूपी भी 55 एमजीडी गंदा पानी यमुना में छोड़ती है, जो यमुना को गंदा करता है। यमुना नदी से झाग को खत्म करने के लिए 'आप' सरकार सिलीकॉन बेस्ड फूड ग्रेड डीफॉमर का छिड़काव शुरू करवा रही है, जिससे यमुना का प्रदूषण कम होता है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के साथ-साथ यमुना में भी पिछले कुछ दिनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। जिस तरह से कालिंदी कुंज पर झाग बन रही है, वो इस बात का प्रमाण है कि यमुना में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है।

सीएम आतिशी ने कहा कि एक तरफ़ आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार है। जिसने लगातार 2 साल के प्रयासों से पराली जलने की घटनाओं को कम किया है। केंद्र सरकार के ही आंकड़े ये बताते है कि पंजाब में आप की सरकार बनने से पहले 2021 में पराली जलाने की 71,300 घटनाएं हुई। लेकिन आम आदमी पार्टी के पंजाब सरकार के प्रयास से वो 2 सालों में 50 प्रतिशत तक कम हो गए और पिछले साल 2023 में पराली जलाने के मात्र 36,600 घटनाएं सामने आई। सीएम ने कहा कि आंकड़े बताते है कि 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2023 में पंजाब में 1123 पराली जलने की घटनाएं सामने आई वो इस साल 27 प्रतिशत घटकर 811 रह गई है।

सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ये आंकड़े देखे तो हरियाणा में पिछले साल ये आंकड़ा 341 था जो इस साल 23 प्रतिशत बढ़कर 417 पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 244 घटनाएं सामने आई थी वो 70 प्रतिशत बढ़कर 417 पर पहुंच गई है। ये आंकड़े भाजपा की गंदी राजनीति दिखाते हैं। यदि आप की पंजाब सरकार पराली जलाने की घटनाएं कम कर सकती है तो भाजपा की उत्तर-प्रदेश और हरियाणा सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती है। क्योंकि भाजपा दिल्ली वालों के साथ गंदी राजनीति कर रही है।

सीएम आतिशी ने रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ दिल्ली का सबसे ज्यादा प्रदूषित क्षेत्र आनंद विहार बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां प्रदूषण सबसे ज़्यादा होता है। यहां दिल्ली की सभी बसें इलेक्ट्रिक और सीएनजी चलित है। दिल्ली में आज एक भी डीजल बसें नहीं है। दिल्ली के बस बेड़े में 2000 से ज़्यादा इलेक्ट्रिक बसें है। वही दूसरी तरफ़ उत्तर-प्रदेश और हरियाणा जहां से अंतरराज्यीय बसें दिल्ली में आती है। उनकी 100 प्रतिशत बसें आज भी डीजल बसें है। आनंद विहार में प्रदूषण बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण है। यहां नज़दीक उत्तर प्रदेश का कौशांबी बस अड्डा, जहां रोजाना हजारों डीजल बसें आती है। जिस तरह दिल्ली में आप की सरकार इलेक्ट्रिक बसों की एक फ्लीट खड़ी कर दी। ये सब हरियाणा और उत्तर-प्रदेश की सरकार क्यों नहीं करती।

सीएम आतिशी ने कहा कि ईंट के भट्टे लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहे हैं। दिल्ली के अंदर ईंट का एक भी भट्टा नहीं है लेकिन हरियाणा-उत्तर प्रदेश के एनसीआर के इलाकों में 3800 ईंट के भट्टे हैं। जिनसे लगातार दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण बढ़ रहा है। लेकिन भाजपा की उत्तर-प्रदेश और हरियाणा सरकार ने इन ईंट के भट्टों का प्रदूषण रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

सीएम आतिशी ने कहा कि यमुना में झाग को लेकर कहा कि हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्र 165 एमजीडी प्रदूषित पानी बादशाहपुर ड्रेन, मुंगेरपुर ड्रेन, डीडी 6 से यमुना में छोड़ती है। दूसरी तरफ़ भाजपा की ही उत्तर प्रदेश सरकार साहिबाबाद ड्रेन और इंद्रपुरी ड्रेन से 55 एमजीडी प्रदूषित पानी छोड़ती है। जिससे यमुना में झाग बन रहा है। लेकिन हमने सिलिकॉन बेस्ड फूड ग्रेड डी-फ़ॉमर से इस झाग को कम करने का काम किया है। आज रात से ये डी-फोमिंग वापस शुरू हो जाएगी।

### यमुना साफ न हो इसलिए मुझे और केजरीवाल को किया गया गिरफ्तार : जैन

आप नेता सत्येंद्र जैन ने आगे कहा कि हमने दिल्ली के अंदर यमुना नदी के साथ-साथ सारे ड्रेन को पूरी तरह साफ करने का काम शुरू कर दिया था। इस काम रुकवाने के लिए ही भाजपा वालों ने मुझे और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और यूपी स यमुना में दो तरह का वेस्ट जाता है। जिसमें पहला ह्यूमन वेस्ट है, जो इतना खतरनाक नहीं होता है। दूसरा है इंडस्ट्रियल वेस्ट। ये इंडस्ट्रियल वेस्ट दिल्ली के अंदर पैदा नहीं होता है। ये या तो यूपी की ओर से शाहदरा ड्रेन में आता है जोकि 55 एमजीडी है। दूसरा बादशाहपुर से आता है और तीसरा डीडी थ्री से आता है। तीनों मिलाकर लगभग 150-175 एमजीडी इंडस्ट्रियल वेस्ट दिल्ली के अंदर आता है जोकि बहुत खतरनाक वेस्ट है।

### यूपी डीजल बसों से बढ़ रहा है प्रदूषण : राय

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि देर रात और सुबह के समय वायु की गुणवत्ता में काफी उतार-चढ़ाव होता है, ऐसा बसों के आने और जाने के कारण होता है। उन्होंने कहा कि इन दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक विशेष रूप से खराब है और इसका मुख्य कारण दिल्ली के आनंद विहार में स्थित बस डिपो और दूसरा उत्तर प्रदेश के कौशांबी का बस डिपो है। दिल्ली में बसें अब सीएनजी और विद्युत से चल रही हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में डीजल बसें अब भी इन डिपो पर आती हैं। इन बसों से निकलने वाला धुआं हवा की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है। राय ने उत्तर प्रदेश सरकार से इसी प्रकार के प्रदूषण नियंत्रण उपाय अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सकारात्मक परिणाम पाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

### दिल्ली सरकार की अपरिपक्वता के चलते दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण : सचदेवा

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार के प्रति दिल्ली सरकार की अपरिपक्वता, अक्षमता और अंध निष्ठा के कारण आज दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण बहुत अधिक है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को प्रदूषण मामले पर आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण का गंभीर होना पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की पंजाब सरकार के प्रति अपरिपक्वता, लापरवाही और अंध निष्ठा का परिणाम है। सचदेवा ने दावा किया कि दस साल से निष्क्रिय आप नेता अब प्रदूषण की दोहरी मार के कारण चुनाव से पहले घबरा रहे हैं। नतीजतन, वे दिल्ली की भौगोलिक वास्तविकताओं की अनदेखी करते हुए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। सचदेवा ने आप नेताओं पर पराली जलाने में पंजाब सरकार की भूमिका का बचाव करके दिल्ली के नागरिकों के खिलाफ जाने का आरोप लगाया। 2021 तक, केजरीवाल और राय सहित आप नेताओं ने लगातार पंजाब में पराली जलाने को दिल्ली को "गैस चैंबर" में बदलने का दोषी ठहराया। अब वे वायु प्रदूषण का दोष उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान पर मढ़ रहे हैं।

## वायु एवं धूल प्रदूषण के चालान काटने में आगे हैं दिल्ली नगर निगम

दया राम ⏭ नई दिल्ली

■ उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूली में है काफी पीछे

दिल्ली नगर निगम प्रशासन शीतकालीन कार्य योजना ( विंटर एक्शन प्लान-डब्ल्युएपी) 2024-25 के दौरान होने वाले वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिन रात कार्य कर रहा है और इसके चलते काफी कदम भी उठाए हैं और वायु प्रदूषण को लेकर उल्लंघन करने वालों के चालान भी किए गए हैं लेकिन इसकी वसूली में निगम प्रशासन काफी पीछे चल रहा है। लगता है कि यदि गति रही तो शायद यह पूरी राशि वसूल ही नहीं कर पाए। वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के तहत अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 की अवधि के लिए निगम की टीमों ने उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की है। बता दें कि अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में निगम प्रशासन ने खुले में कूड़ा आदि जलाने पर कोई शिकायत नहीं मिली और इसे देखते हुए चालान की संख्या भी शून्य बताई गई हैं जबकि सी एंड डी साइटों (निर्माण एवं तोड़फोड स्थल) पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के 974 चालान काटे गए है। जिनकी राशि 1 करोड़, 72 लाख, 75 हजार रुपये हैं जिसमें से 12 लाख, 65 हजार रुपये वसूल किए गए। इसके अलावा निगम प्रशासन ने बताया कि उपराज्यपाल के निर्देशों के अनुपालन में एमसीडी की चिन्हित ऊंची इमारतों पर 15 एरोबिक ग्रैन्युलर स्लज (एजीएस-एक जैविक तकनीक है जो औद्योगिक कचरे से प्रदूषकों को हटाती है) स्थापित किए गए हैं और वे चालू हैं। 32 निर्माण स्थलों पर परियोजना प्रस्तावकों द्वारा 95 एएसजी (एंटी स्मॉग गन) स्थापित किए गए हैं तथा समर्पित टीमों द्वारा नियमित रूप से उनका निरीक्षण किया जाता है।

### निगम उपायुक्त कर रहें हैं जमीनी स्तर पर निगरानी

डीपीसीसी ने 13 हॉटस्पॉट (नरेला, बवाना, मुंडका, वजीर पुर, रोहिणी, आर.के. पुरम, ओखला, जहांगीरपुरी, आनंद विहार, विवेक विहार, पंजाबी बाग, अशोक विहार और द्वारका) के लिए विभिन्न एजेंसियों से संबंधित वायु प्रदूषण के विभिन्न सूक्ष्म स्रोतों की पहचान की है। हॉटस्पॉट के आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए नोडल अधिकारियों (जोनों के उपायुक्त) के साथ-साथ विभिन्न हितधारक विभागों द्वारा सभी कार्रवाई की जा रही है। जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक राजस्व जिले (11 जिले) की निगरानी समिति का गठन किया गया है।




## आनंद विहार में एक्यूआई 450 के पार 'बहुत खराब श्रेणी में दर्ज, धुंध की चादर फैली

**नई दिल्ली।** रविवार को अवकाश के बावजूद आनंद विहार क्षेत्र में वायु प्रदूषण का कहर देखने को मिला, यहां वायु प्रदूषण का आंकड़ा (एक्यूआई) 450 के पार बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। वहीं सुबह के आनंद विहार सहित कई क्षेत्रों में हल्की धुंध की चादर भी फैली दिखाई दी, जिससे प्रदूषण की मार ज्यादा झेलनी पड़ी। ऐसे में आनंद विहार सहित कई क्षेत्रों में लोगों का वीकेंड अवकाश मस्ती की बजाए प्रदूषण के बीच बीता। लेकिन दूसरी तरफ राहत की बात कही जा सकती है कि शनिवार की तुलना में समग्र दिल्ली का एक्यूआई में मामूली कमी देखने को मिली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में सुबह नौ बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 265 रहा। जबकि शनिवार को एक्यूआई 292 दर्ज हुआ था। सीपीसीबी के अनुसार रविवार को आनंद विहार में सुबह आठ बजे धुंध की चादर छाए रहने के साथ इलाके का एक्यूआई 454 तक पहुंच गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। जबकि अक्षरधाम मंदिर के आसपास इलाकों में एक्यूआई 353 दर्ज किया गया। वहीं नेहरू पार्क और आसपास के इलाकों में एक्यूआई 254 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में माना जाता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार 454, अक्षरधाम मंदिर 353, अलीपुर 308,चांदनी चौक 216 और द्वारका 311 एक्यूआई दर्ज किया गया। पर्यावरण वैज्ञानिक सुंदरम का कहना है कि अभी दीपावली में करीब 11 दिन शेष है बावजूद इसके राजधानी की हवा जहरीली हो चुकी है। दिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई 350-450 या इससे भी अधिक पहुंच रहा है। सुंदरम का कहना है कि यह दिल्ली लक्षण आने वाले गंभीर परिणामों का सूचक है। क्योंकि अभी दिन का तापमान गर्म यानी 35-36 डिग्री के आस पास है, जैसे ही यह गिरकर 20-25 के बीच आएगा प्रदूषण का ग्राफ बढ़ने लगेगा। वहीं पंजाब में सबसे ज्यादा किसान पराली जलाते है, यह आंकड़ों का आकलन बताता है। पराली जलाने की घटनाएं बढ़ने व हवाओं का उत्तर पश्चिम रुख के शुरू होने के बाद दिल्ली में तेजी से वायु प्रदूषण बढ़ेगा। दूसरी तरफ डॉक्टर एनके नारंग का कहना है कि खबरों के अनुसार आने वाले दिनों में दिल्ली जहरीली गैस के चेंबर में बदल जाएगी। जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा बुजुर्गों, छोटे बच्चों, महिलाओं और बीमार लोगों को उठाना पड़ सकता है। लोगों को जहरीली हवा की वजह से सांस व आंख संबंधी कई गंभीर बिमारियों का सामना करना पड़ सकता है।

## अवैध प्रचार सामग्री पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी करें आयुक्त : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने दिवाली से पहले दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही है। महापौर ने पत्र में कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि दिवाली का त्यौहार नजदीक आ रहा है, लेकिन दिल्ली में साफ-सफाई का कोई खास ध्यान नहीं रखा जा रहा है। पूरी दिल्ली में जगह-जगह होर्डिंग, वॉलपेपर, स्टिकर लगे हुए हैं, जो इसे बदहाल बना रहे हैं। इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप दिल्ली संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 2007 के अंतर्गत एक आदेश पारित करें तथा संबंधित अधिकारियों को दिवाली से पहले दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दें।

## यादव ने बादली में किया राजीव गांधी सेवा केन्द्रों का उद्घाटन, लोगों की समस्याओं का निःशुल्क निदान

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बादली विधानसभा की जनता की समस्याओं के निशुल्क निपटारे के लिए चार राजीव गांधी सेवा केन्द्रों का उद्घाटन किया। इन केंद्रों में निशुल्क सेवाएं देने का वादा किया है। इस अवसर पर यादव ने लोगों से कहा कि आम जनता तक पहुँच कर उनकी समस्याओं का निशुल्क निदान करना कांग्रेस की प्राथमिकता में शामिल है। जल्द ही कांग्रेस दिल्ली में जगह जगह राजीव गांधी सेवा केंद्र खोलेगी। इसकी शुरुआत में बादली विधानसभा से हो गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली कांग्रेस की नई पहल के तहत बादली विधानसभा में पहला मैन चौक समयपुर, दूसरा वीर बाजार चौक राणा चौक, तीसरा जहांगीरपुरी सी-965 और चौथा सेवा केन्द्र गुर्जर चौक भलस्वा डेयरी में खोला गया है।

## डीयू में चार वर्षीय पाठ्यक्रम लागू होने से बढ़े शिक्षकों के पद : फोरम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध विभागों व कॉलेजों में चार वर्षीय पाठ्यक्रम लागू होने से शिक्षकों के पद बढ़ चुके हैं लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने अभी तक ईडब्ल्यूएस सीटें दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागों, कॉलेजों को आबंटित नहीं की है। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर रविवार को यह मांग करते हुए बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को जल्द से जल्द ईडब्ल्यूएस सीटों को आबंटित करें जिससे कि कॉलेजों को ईडब्ल्यूएस सीटों का लाभ मिल सके। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि ईडब्ल्यूएस सीटों के बढ़ने पर कॉलेज प्रशासन अतिरिक्त शिक्षकों के पदों की मांग कर चुके हैं।

# एलजी के निर्देश पर डीडीए ने असिता पार्क में टेंट कैफे किया स्थापित, जल्द होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यमुना खादर में बनाए गए असिता पार्क में लोगों को अधिक सुविधा देने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के दिशा निर्देश पर डीडीए ने एक शानदार टेंट कैफे स्थापित किया है। डीडीए के अनुसार जल्द ही असिता में स्थापित टेंट कैफे की शुरूआत कर दी जाएगी। डीडीए ने बताया कि एलजी पर्यावरण अनुकुल कदमों को बढ़ावा दे रहे है, जिसको ध्यान में रखकर ही कैफे को बिना कंक्रीट यानी पूरी से टेंट में बनाया गया है जो कि अस्थायी ढांचा है। इसको बनाने में कहीं भी कंक्रीट का इस्तेमाल नहीं किया गया है। यह कैफे पूरी तरह से अस्थायी होगा, जिसमें यहां आने वालों को भोजन और पेय पदार्थ परोसा जाएगा। सर्दियां की शुरुआत से पहले ही यह कैफे चालू हो जाएगा। डीडीए के अनुसार कैफे में एक बड़ा लोहे का कंटेनर है, जिसका उपयोग रसोई के रूप में किया जाएगा। इसे इस तरह से डिजाइन और स्थापित किया गया है कि मानसून के दिनों बाढ़ आने पर उसे तुरंत हटाया जा सके और पानी कम होने पर फिर से स्थापित किया जा सके। यह टैंट कैफे असिता पार्क में एक टीले के ऊपर बनाया गया है, जो पार्क के सौंदर्य को और बढ़ाएगा। टेंट क्षेत्र के अंदर और बाहर अस्थायी रूप से 60-70 लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। असिता पार्क में हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। आने वाली सर्दियों में यहां ट्यूलिप सहित करीब 2 लाख से अधिक मौसमी फूलों से महक रहा होगा। एलजी सक्सेना की पहल पर महरौली पुरातत्व पार्क में कैफे स्टोन और बांसेरा में कैफे बंबू ओएसिस के सफल उद्घाटन के बाद, अब असिता में टेंट कैफे की शुरुआत की जा रही है। इन स्थानों पर आने वाले लोगों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप, उपराज्यपाल ने डीडीए को यमुना के बाढ़ के मैदानों की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए और पार्क के प्राकृतिक परिवेश को बनाए रखते हुए, असिता में एक टेंट कैफे खोलने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डीडीए ने यहां टेंट में कैफे स्थापित करने की योजना बनाई जो अब साकार हो रही है। पार्क में यमुना के बाढ़ के मैदानों में हरा-भरा क्षेत्र होने के अलावा, प्रवासी पक्षियों और सरीसृपों के लिए एक प्राकृतिक आवास के रूप में भी काम करता है।

### यहां पक्षियों की 70 से अधिक प्रजातियां पाई जाती

सर्दियों में असिता में प्रवासी और यहां रहने वाले पक्षियों की 70 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। बाढ़ के मैदानों पर स्थित यह हरा-भरा क्षेत्र, सुबह और शाम की सैर करने वालों के लिए एक आदर्श स्थान, छात्रों तथा आगंतुकों के लिए एक पसंदीदा पिकनिक स्पॉट बन गया है। यहां गत दिनों भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने असिता का दौरा किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत, यहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया था। असिता में अभियान के तहत एक ही दिन में 20 हजार पौधे लगाए गए थे। इससे पहले पिछले वर्ष मार्च में असिता ने जी-20 देशों के राजदूतों/उच्चायुक्तों की भी मेजबानी की थी।



# बागपत के सांसद डॉ.राजकुमार सागवान पहुंचे व्यापार मंडल के दीपावली मिलन कार्यक्रम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा ने रविवार को दीपावली मिलन का समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बागपत डॉ राजकुमार सागवान पहुंचे । डॉक्टर राजकुमार सागवान ने सभी व्यापारी भाइयों को दीपावली मिलन की शुभकामनाएं दी और कहा मैं सभी व्यापारियों की समस्याओं को हल करा ने के लिए हमेशा तैयार रहता हूं। मुझे व्यापारी



कभी भी कॉल कर सकते हैं संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

### ये लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र चौहान राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी शुभम गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक विकास चौधरी, सहसंयोजक विवेक तोमर,नरेंद्र कुमार नंदी, जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, दिनेश शर्मा चिंटू, किशन सिंह राघव, राजीव गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत गर्ग, दिनेश गर्ग, वरिष्ठ नेता डॉ बीके शर्मा हनुमान, नौशाद प्रिंस, संत राज चौहान ज्ञानेंद्र कुमार, प्रदीप सोम, जयंत त्यागी, सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रेवाड़ी, वजीपुर खंड को दिसंबर तक शुरू करने की योजना

# नए साल में मिलेगी गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे की सौगात लोगों को नए साल में मिलने की उम्मीद है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की वजीरपुर से रेवाड़ी खंड को दिसंबर तक शुरू करने की योजना है। हालांकि, इसमें भी देरी संभव है। वहीं, द्वारका एक्सप्रेसवे से वजीरपुर तक मार्च-2025 तक खोलने की तैयारी है।

करीब 900 करोड़ की लागत से 46 किलोमीटर लंबे गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे का लगभग 85 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीच में हाईटेंशन लाइन और अन्य कार्य जुड़ने से परियोजना में देरी हो रही है।

गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राजमार्ग परियोजना का शुभारंभ साल 2018 में किया गया था। चार-लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग को पहले दिसंबर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में केस होने समेत अन्य कारणों से परियोजना में देर होती गई। स्वीकृत परियोजना में कई जगहों पर अंडरपास का भी निर्माण बाद में शामिल किया गया। इससे कार्य पूरा होने में और देरी हो गई। हालांकि एनएचएआई इसे शुरू करने की कई डेट लाइन दे चुका है। एनएचएआई की वजीरपुर से रेवाड़ी खंड को दिसंबर तक शुरू करने की योजना है लेकिन ऐसा होना संभव नहीं दिख रहा है। कई जगहों पर अंडरपास के कार्य अधूरे और सड़कों से जुड़ाव कार्य नहीं हो पाए हैं। 46 किलोमीटर के इस हाईवे पर 20 अंडरपास व फ्लाईओवर हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्रिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने पानी के बूस्टर से लोहे की ग्रिल चोरी करने वाले दो



आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गुलाब और आसिफ उर्फ टीटू का नाम शामिल है। गुलाब देहा कॉलोनी भुपानी तथा आसिफ खान किसान मजदूर कॉलोनी सेक्टर 29 का रहने वाला है। दोनों आरोपियों को वारदात में प्रयोग ऑटो में लोहे की ग्रिल सहित सेक्टर 17 पुल के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने 17 अक्टूबर को गांव ददसिया के पानी के बूस्टर से लोहे की ग्रिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। इसके संबंध में थाना खेड़ी पुल में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी चोरी की गई ग्रिल को बेचने के लिए ले जा रहे थे। आरोपी गुलाब पर पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### सुबह टहलने गईं दो महिलाओं से लूटे कुंडल

**गाजियाबाद।** दुहाई निवासी बाला देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे वह



अपनी पड़ोसन सुनीता देवी के साथ खेतों की ओर टहलने के लिए निकली थीं। जैसे ही दुहाई गांव से बाहर पहुंचीं तो युवक उनके पास पहुंचा और दोनों के कानों के कुंडल खींच लिए। जब तक वह दोनों कुछ समझ पातीं तक तक आरोपी भागकर फरार हो गया। पुलिस ने बदमाश की धरपकड़ को सर्च अभियान चलाया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। पुलिस का कहना कि बदमाश की तलाश की जा रही है।

## फरीदाबाद पहुंचने पर राज्य मंत्री राजेश नागर का हुआ भव्य स्वागत

# मंत्री राजेश नागर ने कहा हरियाणा प्रदेश को देश का नंबर 1 राज्य बनाने में भाजपा सरकार हर संभव प्रयास करेगी



**हरियाणा।** हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के बाद राजेश नागर का प्रथम बार फरीदाबाद आगमन पर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर का आज रविवार को बदरपुर बॉर्डर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत रोड शो बदरपुर बॉर्डर से होते हुए सराय मार्किट, गांव एतमादपुर, वजीरपुर स्थित ड्रीम लैंड 24 वैंक्वेट हाल, गांव भतौला, फरीदपुर, सद्पुरा और तिगांव पहुंचा जगह-जगह आमजन द्वारा फूल मालाओं और हैलीकाप्टर के द्वारा पुष्प वर्षा राज्य मंत्री कर राजेश नागर का स्वागत किया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने प्रदेश वासियों का तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्तकरते हुए कहा कि आमजन ने जो विश्वास भाजपा सरकार में दिखाया है उस विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य रह गए है उन पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे।

### सरकार हरियाणा के विजन को लेकर रोडमैप तैयार करेगी

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को अतिशीघ्र कराने के लिए अधिकारियों के साथ मीटिंग तय कर दी गई है और जो भी अधिकारी समयानुसार कार्य नहीं करेगा उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित और मॉर्डन हरियाणा के विजन को लेकर एक रोडमैप तैयार करेगी। इस रोड मैप के अनुसार ही हरियाणा प्रदेश को हर क्षेत्र में देश का नंबर 1 राज्य बनाने का हर संभव प्रयास करेगी। इसके लिए प्रदेश के हर नागरिक को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

### हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू करेगी

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू करेगी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पं. टेक चंद शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और कई गावों की मौजिज सरदारी उपस्थित रही।

## कैबिनेट मंत्री बनने के बाद श्री सिद्धदाता आश्रम पहुंचे विपुल गोयल ने गुरु महाराज से लिया आशीर्वाद



फरीदाबाद। आज हरियाणा सरकार के नवनिर्वाचित कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने श्री सिद्धदाता आश्रम में आकर माथा टेका और परम पूज्य गुरुदेव स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज का आभार जताया। उनके साथ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पुनीत बाली एवं वरिष्ठ उद्योगपति कैलाश शर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा कि वह आज जो भी हैं, उसमें श्री सिद्धदाता आश्रम की कृपा का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके जीवन में आश्रम के अधिपति अनंतश्री विभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज आशीर्वाद का भी बड़ा योगदान है। मैं यहां जब भी आता हूं मुझे बहुत सुकून और जन सेवा की प्रेरणा प्राप्त होती है। जिस प्रकार गुरु महाराज ने सुंदर और भव्य आश्रम का निर्माण कर जनहित के अनेक प्रकल्प यहां पर संजो रखे हैं। मैं सोचता हूं कि हम इतनी बड़ी सरकार में शामिल हैं, हमारे पास बहुत सारे साधन हैं जिनके द्वारा हम जन सेवा का बड़ा काम कर सकते हैं और यही प्रेरणा मुझे मेरे जीवन में भारतीय जनता पार्टी से जोड़ती है। जहां अंत्योदय योजना मूल भावना है। इस आदर्श वाक्य के जरिए हम सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक ले जाने में जुटे हैं।

### स्वामी महाराज ने गोयल को स्मृति चिन्ह भेट किया

गोयल ने कहा कि वह सिद्धदाता आश्रम वर्षों से आते हैं और उनके जीवन में निरंतर होने वाली उन्नति में यहां की सकारात्मक ऊर्जा का भी विशेष योगदान है। मेरा यहां पर लगाव है और मैं यहां निरंतर आता रहता हूं। उन्होंने श्री गुरु महाराज के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनसे भविष्य में भी आशीर्वाद की इच्छा व्यक्त की। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने भी विपुल गोयल व अन्य को आशीर्वाद एवं स्मृति चिह्न दिया और बिना किसी भेदभाव के जन सेवा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि दलीय, भाषाई और क्षेत्रीय आदि सभी प्रकार के भेदभाव को त्याग कर आप केवल जनहित का काम करेंगे तो जो लोग आज आपसे दूर भी हैं, कल वह भी आपको पसंद करेंगे। विचार हर जन सेवक को अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

# जीडीए में आज से ऑफिस प्रणाली के माध्यम से होगा कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)कार्यालय में सोमवार से सभी अनुभागों में विधिवत ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम कार्य शुरू हो जायेगा। इससे पहले रविवार को इसका शुभारंभ किया गया। रविवार को सभी अनुभाग के प्रभारियों के साथ उनके समस्त स्टॉफ ने उपस्थित होकर ई-ऑफिस पोर्टल का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपने-अपने अनुभाग से सम्बन्धित पत्रावलियों को अपलोड कराकर ई-ऑफिस प्रणाली का अग्रसारण किया गया। कशासन की प्राथमिकता के अनुरूप गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में यह नई व्यवस्था शुरू की गई है।

### समस्त प्राधिकरण स्टॉफ की उपस्थिति रही

जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह के मुताबिक सोमवार से प्राधिकरण के सभी अनुभाग ई-ऑफिस प्रणाली से ही कार्य संपादित किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव पीके सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह अधिशासी अभियंतागण, सहायक अभियंतागण व समस्त प्राधिकरण स्टॉफ की उपस्थिति रही ।

लाइटों को लगाने का अभियान हुआ प्रारंभ

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रकाश विभाग के स्टोर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने रविवार को प्रकाश विभाग के स्टोर का जायजा लिया। जायजा लेने के बाद नगर आयुक्त ने कहा कि 90 वाट की 2000 तथा 70 वाट की 3000 लाइट निगम आ चुकी है। हर वार्ड दीवाली से पहले जगमगा जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम प्रकाश विभाग सभी वार्डों में लाइटों को लगाने का तथा लाइटों की मरम्मत का अभियान के रूप में कार्य कर रहा है ।हर गली हर मोहल्ले में अंधकार दूर करने के लिए लाइटों को व्यवस्थित किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार लाइटों को लगाया भी जा रहा है।



### हर वार्ड में अंधेरे को दूर किया जाएगा

हर वार्ड में 50-50 लाइट लगाते हुए अंधेरे को दूर किया जा रहा है क्षेत्रीय पार्षदों तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी की देखरेख में लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जा रहा है । उच्च गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए 130 ल्यूमन की लाइट मंगाई गई है जो की अन्य लाइटों से अधिक उजाला देने की कैपेसिटी रखती है । नगर आयुक्त ने खुद लाइटों की क्वालिटी देखी गई तथा समय से लाइट लगवाने के लिए संबंधित ठेकेदार को भी निर्देशित किया गया ।

## सम्मेलन में 2000 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया

# दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में दूसरे दिन 60 जोड़ों ने विवाह के लिए सहमति जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के 24वें दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का दूसरा दिन भी बड़ी धूमधाम मनाया गया। प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 2000 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया गया। परिचय सम्मेलन के पहले दिन 48 जोड़ों ने और दूसरे दिन भी 60 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई। दोनों दिनों में कुल 108 जोड़े बनें।

### दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए सराहनीय कदम



प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने आए हुए सभी अतिथियों परम सानिध्य दुलीचन्द अग्रवाल, संत गोपाल गुप्ता, मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गर्ग, समारोह अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली, स्वागत अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि शेर सिंह ठाकुर, मनोज अग्रवाल, रमेश चन्द्र गर्ग, अनिल रतनलाल गर्ग, सुनील अग्रवाल, प्रवेश बंसल, डी. के. गोयल, ए.के. गोयल, विनोद भाटी, रोहित सिंगला, देवेन्द्र गोयल, नरेश अग्रवाल, अरुण गोपाल, शैलेन्द्र कुमार गर्ग, भोला ठाकुर, विवेक गुप्ता, उज्जवल गर्ग, विनेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल आदि का फूल-मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मंच संचालन ब्रह्मप्रकाश गोयल, कन्हेयालाल गर्ग, संजीव कुशवाहा व पवन गर्ग ने किया। अन्य राज्यों से आए हुए युवक-युवती व उनके परिवार वालों को धर्मशाला में रूकने व उनके भोजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा करवाई गई।

# 2.50 करोड़ की लॉटरी लगवाने के नाम पर 21.55 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** 2.50 करोड़ की लॉटरी लगवाने के नाम पर शालीमार गार्डन के चंदन सिंह को ठगों ने 21.55 लाख की चपत लगा दी। ठगों ने विश्वास बढ़ाने के लिए शुरूआत में पांच हजार के बदले चंदन सिंह को 10 हजार रुपए दिए। इसके बाद उन्होंने और रुपए आने के चक्कर में ठगों के खाते में धनराशि ट्रांसफर कर दी। मामले में साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी। चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। उसमें ठगों ने खुद का लुधियाना के गांधी ब्रदर्स लॉटरी के नाम से परिचय दिया। उनकी बातों में आकर उन्होंने पांच हजार रुपए लगा दिए। इसके बदले ठगों ने उनको 10 हजार रुपए भेज दिए। विश्वास बढ़ने पर उन्होंने दोबारा 35 हजार और फिर 40 हजार रुपए भेजे लेकिन उनको इसके बदले रुपए वापस नहीं मिले फिर ठगों ने उनको बताया रकम इकट्ठा हो गई है।




## लोगों ने बैंसला और टीम को मिठाई खिलाकर बधाई दी

# राजसिंह बैंसला बने आरडब्लूए सेक्टर 46 के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-46 के चुनाव सामुदायिक भवन सेक्टर-46 में चुनाव अधिकारी विशाल बशनोत्रा की देखरेख में शंतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। इस चुनाव में राजसिंह बैंसला को र्निविरोध सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके अलावा उपप्रधान धर्मबीर खटाना, ए.एल . पॉल, महासचिव आर.के.पंत, संयुक्त सचिव केपी यादव व कोषाध्यक्ष उपेन्द्रनाथ पाठक को चुना गया। इसके अलावा इसके अलावा मुकेश गुप्ता, बुजेश कुमार, प्रमोद कुमार, सुरेश शर्मा, आशीष अग्रवाल, अश्वनी कुमार अरोड़ा, हीरालाल शर्मा व सुनील शर्मा कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। प्रधान चुने जाने पर सेक्टर के लोगों ने राजसिंह



बैंसला और उनकी टीम को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर राजसिंह बैंसला ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें प्रधान चुनकर सेक्टर की जनता ने उनकी नीतियों और विकास पर मोहर लगाई है। उन्होनें कहा कि वे आरडब्लूए सेक्टर.46 के एक एक व्यक्ति को अपनी एसोसिएशन के साथ जोड़ेगें क्योकि संगठित होने पर ही उनकी एसोसिएशन ताकतवर बनेगी और ताकतवर होने से उनके काम भी तेजी से होगें। राजसिंह बैंसला ने कहा कि उन्हें जो पद दिया गया है वे उसकी पूरी मर्यादा रखेगें।

## आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया

# सामान से भरा ट्रक गबन करने का आरोपी ड्राइवर सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

क्राइम ब्रांच फर्रुखनगर की पुलिस टीम ने ट्रक व उसमें भरे सामान का गबन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना फर्रुखनगर में गत 9 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने लिखित शिकायत में बताया था कि उसका ट्रक चालक उत्तर प्रदेश से सामान लोड करके चला था। शिकायत देने से पहले गत 7 अक्तूबर को फर्रुखनगर से टोल काटने के बाद उससे संपर्क नहीं हो पाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि चालक ने ट्रक व उसमें भरे सामान का गबन कर लिया है। शिकायत पर थाना फर्रुखनगर में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच फर्रुखनगर की टीम ने गत शनिवार को दो आरोपियों को बावल चौक एनएच-48 रेवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान राजू निवासी गांव मालपुरा जिला टोंक (राजस्थान) व शिव प्रसाद सोनी उर्फ गौरु सोनी निवासी गांव सुजानगढ़ जिला चूरु (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने राजस्थान में मारपीट करके चोरी करने की एक वारदात को अंजाम देने का भी खुलासा किया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से गबन किया ।

## दोषी को साढ़े तीन साल की कैद 55 हजार रुपए का जुर्माना

# नाबालिग से छेड़छाड़ में सौतेला पिता दोषी करार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के आरोपी सौतेले पिता को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए साढ़े तीन साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला चार साल पुराना है। 21 सितंबर 2020 को सेक्टर-56 थाने में 15 साल की किशोरी ने सौतेले पिता पर छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट भी लगाया था। 22 सितंबर 2020 को पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्वनी कुमार की अदालत में चल रहा था। पुलिस द्वारा पेश की गई चार्जशीट में एकत्र किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयान पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार दिया। कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को साढ़े तीन साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## वातावरण के प्रदूषण को देखते हुए लिया निर्णय

# फरीदाबाद में पराली जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध, जलाने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दिल्ली एनसीआर में वातावरण की खराब गुणवत्ता के चलते माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के निर्देश पर माननीय उच्च न्यायालय, पंजाब और हरियाणा के द्वारा पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। जिसके चलते जिला फरीदाबाद में पराली जलाने पर पूर्णतयारू प्रतिबंध है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पराली जलाने के मामले में पुलिस उपायुक्त



यातायात ऊषा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वातावरण के प्रदूषण को देखते हुए मुख्य सचिव कृषि हरियाणा सरकार, चंडीगढ के दिशा-निर्देश के अंतर्गत पराली जलाने पर पूर्णतयाः प्रतिबंध है। स्वास्थ विभाग के अनुसार प्रदूषण से सांस लेने में कठिनाई, ऑखों में जलन, बुखार, खाज, खुजली इत्यादी बीमारी होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

आमजन से अपील है कि पराली ना जलायें, स्वस्थ जीवन के लिए सहयोग करें, अगर कोई पराली जलता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

हरियाणा सरकार



"आज हमारी हर नीति, हर रणनीति- जन कल्याण से राष्ट्र कल्याण की है।
जन अभियान से राष्ट्र निर्माण की है।"
- नरेन्द्र मोदी

# शहरी स्थानीय निकायों तथा पंचायतों में समाधान शिविर

## जन सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर होगा समाधान

**प्रॉपर्टी आई-डी**
व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय / नगर परिषद कार्यालय / नगर पालिका कार्यालय


**स्वामित्व**
से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय

## एक माह तक लगातार शिविर होंगे आयोजित

दिनांक - 22 अक्तूबर, 2024 से शुरु | समय - प्रात: 9 से 11 बजे

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana




## 'गोधरा' के निर्माताओं ने किया नई फिल्म 'कैलकुलेटर' का ऐलान...

**मुंबई।** एमके शिवाक्ष के निर्देशन में बनी फिल्म 'एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसीः गोधरा' को 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इस फिल्म का निर्माण बीजे पुरोहित और रामकुमार पाल ने किया था। अब 'गोधरा' की पूरी टीम एक बार फिर साथ आ गई है। दरअसल, 'गोधरा' के निर्माताओं ने नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म का नाम 'कैलकुलेटर' रखा गया है। निर्माताओं ने 'कैलकुलेटर' का टीजर भी जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। फिल्म मानसिक स्वास्थ्य और बलात्कार जैसे गंभीर मुद्दों पर आधारित है।

लाइफ Style

# अंजिनी

## 'बिन्नी एंड फैमिली' की होगी स्क्रीनिंग



वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन की पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' को इस साल 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास में 29 अक्टूबर को 'बिन्नी एंड फैमिली' की खास स्क्रीनिंग होने वाली है। फिल्म की वैश्विक रिलीज नवंबर, 2024 से 5 देशों में शुरू होगी। बता दें कि हाल ही में वरुण धवन और एकता कपूर ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। वरुण इसलिए इस इवेंट का हिस्सा थे, क्योंकि अंजिनी उनकी भतीजी हैं। वो 24 साल की हैं। अंजिनी के पिता सिद्धार्थ धवन मां का नाम रीना धवन है। सिद्धार्थ, वरुण धवन के चचेरे भाई हैं। अंजिनी, दिग्गज एक्टर अनिल धवन की पोती हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले अंजिनी ने अपने चचेरे भाई वरुण धवन की फिल्म 'कुली नंबर 1' के सेट पर असिस्टेंट डायरेक्टर (एडी) के रूप में काम किया था। ये फिल्म 2020 में रिलीज हुई थी। इसमें सारा अली खान लीड रोल में थीं और निर्देशन डेविड धवन ने किया था। इस फिल्म में राजेश कुमार, हिमानी शिवपुरी, चारु शंकर और नमन त्रिपाठी जैसे सितारे भी हैं। इस फिल्म का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है, वहीं एकता कपूर इसकी निर्माता हैं। 'बिन्नी एंड फैमिली' में तीन पीढ़ियों की कहानी दिखाई जाएगी। इस फैमिली ड्रामा को बालाजी मोशन पिक्चर्स ने बनाया है।

## हॉलीवुड मसाला




## रशियन मॉडल को चाहिए इंडियन दूल्हा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के ज़माने में कब क्या वायरल हो जाए, कहा नहीं जा सकता। कई बार तो कुछ ऐसी चीज़ें भी दिख जाती हैं कि हम अपना सिर ही पकड़कर बैठ जाएं तो कभी कुछ चीज़ों पर हंसी छूट जाती है। जब से जमाना डिजिटल हुआ है, तब से लोग शादी भी इंस्टाग्राम और फेसबुक से ढूंढने लगे हैं। आज की दुनिया में आप तरह-तरह की चीज़ें देखते हैं. वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है एक रशियन मॉडल लड़की अपने लिए इंडियन दूल्हा ढूंढ रही है।



## 'द रॉक' कभी रेस्लर कभी एक्टर और फिर बेस्ट सेलर ऑथर...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के सुपरस्टार एक्टर 'द रॉक' उर्फ ड्वेन जॉनसन उन विदेशी सेलिब्रिटी में से हैं जिनका क्रेज इंडिया में बढ़चढ़ कर है। अपने रेसलिंग करियर के बाद से रॉक ने एक्टिंग की दुनिया एक से बढ़कर एक रोल किए है। नेशनल लेवल चैंपियन- ड्वेन जॉनसन ने डिफेंसिव लाइनमैन के तौर पर यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी में फुटबॉल खेला है और उनकी ये टीम 1991 में एपी नेशनल चैंपियन बनी। फैमिली रेसलिंग ट्रेडिशन- 'द रॉक' के फादर रॉकी जॉनसन भी एक रेसलर थे और राक ने इस फैमिली रेसलिंग ट्रेडिशन को आगे ले जाते हुए रेसलिंग शुरू की। फर्स्ट लीडिंग रोल- साल 2001 में 'द ममी रिटर्न्स' में अपीयर होने के बाद, जॉनसन को प्रीक्वल फिल्म 'द स्कॉर्पियन किंग' में स्टारिंग रोल मिला। इस फिल्म ने दुनिया भर में लगभग 180 मिलियन डॉलर की कमाई की।



## 'दो पत्ती' का नया गाना अखियां दे... रिलीज

**मुंबई।** कृति सैनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। अब निर्माताओं ने 'दो पत्ती' का नया गाना 'अखियां दे कोल' जारी कर दिया है, जिसे शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी है। 'दो पत्ती' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। इस फिल्म में कृति डबल रोल में नजर आएंगी। 'दो पत्ती' के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।



## गैंगस्टर बिश्नोई पर बनी रही वेब सीरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम फिर से चर्चा में आ गया। दरअसल, वारदात के अगले दिन बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट के जरिए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। सलमान खान को भी कई बार बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। अब खबर आ रही है कि बिश्नोई की जिंदगी पर एक वेब सीरीज बनने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नोएडा के निर्माता और व्यवसायी अमित जानी ने बिश्नोई की जिंदगी पर एक वेब सीरीज बनने की घोषणा की है, जिसका नाम 'लॉरेंस-ए गैंगस्टर' रखा गया है। इस सीरीज को अमित के होम बैनर फायर फॉक्स फिल्म प्रोडक्शन के तहत बनाया जा रहा है।

## टीवी मसाला

## जब केबीसी कंटेस्टेंट को कार गिफ्ट करना चाहते थे अमिताभ तो....

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के बारे में कई सेलेब्स ये बता चुके हैं कि वो बहुत ही उदार व्यक्ति हैं। जो भी अमिताभ बच्चन से मिलता है, उनकी तारीफ ही करता है। अब जर्नलिस्ट ऋचा अनिरुद्ध ने एक पॉडकास्ट में उस वक्त को याद किया जब वो अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू लेने पहुंची थीं। साथ ही, उन्होंने केबीसी के सेट से जुड़े किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कैसे अमिताभ बच्चन कंटेस्टेंट को शो में जीती हुई प्राइज मनी के अलावा अलग से भी पैसों की मदद करते हैं। वहीं, एक बार वो केबीसी कंटेस्टेंट को कार भी गिफ्ट करना चाहते थे। पॉडकास्ट में बात करते हुए ऋचा अनिरुद्ध ने बताया कि जब वो पहली बार अमिताभ बच्चन से मिली थीं तो वो बहुत नर्वस थीं। उन्होंने कहा कि जब उन्हें अमिताभ बच्चन का इंटरव्यू लेना था तो उससे एक रात पहले उन्हें नींद तक नहीं आ रही थी।



***शूट खत्म होने के बाद दर्शकों के साथ फोटो खिंचवाते हैं अमिताभ :*** ऋचा ने अमिताभ बच्चन की तारीफ करते हुए बताया कि अगर आप अमिताभ बच्चन की वैनिटी वैन में भी जाते हैं तो वो आपके लिए आते वक्त भी गेट खोलेंगे और कजाते वक्त भी गेट खोलेंगे। ऋचा ने कहा, "कुछ चीजें मुझे लगता है कि हर इंसान को अमिताभ बच्चन से सीखनी चाहिए। वो एक जेंटलमेन हैं।" उन्होंने आगे कहा, "केबीसी के शूट कई बार देर रात तक, बारह-एक बजे तक होते थे, मुझे लगता था कि बच्चन सर कितना थक गए होंगे, लेकिन उसके बाद वो एक-एक साइड जो दर्शकों के लिए होती है, सबके साथ फोटो खिंचवाते हैं। ये एक चीज देखी मैंने।"

### कंटेस्टेंट की अलग से मदद करते हैं अमिताभ

ऋचा ने इसके बाद बताया कि अमिताभ बच्चन कई बार कैमरा पर चैरिटी नहीं करते हैं, वो किसी को बताते नहीं हैं, लेकिन वो केबीसी कंटेस्टेंट की अलग से भी मदद करते हैं। ऋचा ने बताया पिछले साल वो केबीसी में आए एक कंटेस्टेंट से मिली थीं। इंदौर में वो कपल मूक-बधिर लोगों के लिए काम करता है। उस कपल ने बताया कि जब वो केबीसी करके आ गए तब उनके पास अमिताभ बच्चन के ऑफिस से कॉल पहुंचा। उन्हें कॉल में बताया गया कि अमिताभ बच्चन अलग से भी पैसों की मदद करना चाहते हैं।

### जब कार गिफ्ट करना चाहते थे अमिताभ बच्चन

ऋचा ने एक और किस्सा सुनाया उन्होंने कहा कि बहुत साल पहले की बात है। दिल्ली से एक लड़का हॉटसीट पर बैठा था। उनसे अमिताभ ने पूछा कि अगर आप इतनी धनराशि जीत जाएंगे तो क्या करेंगे? तब उस लड़के ने कहा था कि वो इन पैसों से अपनी बहन के लिए कार खरीदेगा क्योंकि एक बार उसकी बहन के साथ बस में छेड़खानी हुई थी, तब उसकी बहन ने कहा था कि काश भइया हमारे पास कार होती। ऋचा ने बताया कि जब ब्रेक हुआ तो अमिताभ बच्चन की टीम ने उन्हें बताया कि अमिताभ ने कहा है कि अगर वो लड़का जीत जाता है तो ठीक है। लेकिन अगर वो नहीं जीतता है तो हम उसको कार देंगे। ऋचा ने आगे बताया कि हालांकि, वो लड़का बड़ी राशि जीत गया, लेकिन अगर वो नहीं जीतता तो उसको कार मिलती। किसी को पता नहीं चलता कि वो कार अमिताभ बच्चन की तरफ से दी गई है।

## विनीत की फिल्म 'मैच फिक्सिंग' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा...


**मुंबई।** अभिनेता विनीत कुमार सिंह का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की सूची में शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई है। पिछली बार उन्हें वेब सीरीज 'रंगबाजः डर की राजनीति' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह जी5 पर उपलब्ध है। मौजूदा वक्त में विनीत अपनी आगामी फिल्म 'मैच फिक्सिंग' को लेकर चर्चा में हैं। अब इस फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।




***15 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म :*** राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'मैच फिक्सिंग' 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म से विनीत की पहली झलक भी सामने आ गई है। 'मैच फिक्सिंग' कंवर खताना की किताब 'द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर' से प्रेरित है। फिल्म की कहानी अनुज एस मेहता ने लिखी है। इस फिल्म में अनुजा साठे और मनोज जोशी जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। केदार गायकवाड़ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

## रेखा, जया, परवीन ने नहीं इस एक्ट्रेस ने बिग बी के साथ दीं 11 हिट फिल्में

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के साथ किसी हीरोइन की जोड़ी का सवाल आता है तो सबसे पहले नाम रेखा का याद आता है। बिग बी के कुछ डाई हार्ड फैन्स को शायद परवीन बाबी का नाम भी याद आता होगा। कुछ लोगों को अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की रियल लाइफ जोड़ी ही रील लाइफ में भी ज्यादा पसंद आती होगी लेकिन आपको जानकर ताज्जुब होगा कि अमिताभ बच्चन के साथ सबसे ज्यादा हिट फिल्म देने वाली एक्ट्रेस में इन तीन में से किसी का भी नाम शामिल नहीं है। जिस एक्ट्रेस ने अमिताभ बच्चन के साथ एक या दो नहीं बल्कि पूरी 11 फिल्में हिट दी हैं, वो एक्ट्रेस कोई और ही है। जिसने बिग बी की ऑनस्क्रीन लव इंटरेस्ट के अलावा उनकी मां का भी किरदार अदा किया है।



***ये हैं वो एक्ट्रेस :*** हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो हैं राखी। राखी भी फिल्म इंडस्ट्री की एक दमदार और हिट अदाकारा रही हैं। जिन्होंने एक लंबी फिल्मी पारी खेली है। अपनी फिल्मी पारी में उन्होंने धर्मेंद्र, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा और अमिताभ बच्चन जैसे तमाम बड़े सितारों के साथ काम किया है।

### 13 में से 11 फिल्में रहीं हिट

अपने फिल्मी करियर में राखी ने अमिताभ बच्चन के साथ करीब 13 फिल्मों में काम किया। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इन 13 फिल्मों में से सिर्फ दो ही फिल्म फ्लॉप रहीं। इसके अलावा 11 फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जम कर पैसे कूटे हैं।

### प्रेमिका से लेकर मां तक का किरदार

राखी ने अमिताभ बच्चन के साथ हर तरह का रोल निभाया है। वो फिल्मों में अमिताभ बच्चन का लव इंटरेस्ट रहीं तो उनकी मां बनकर भी आईं। फिल्म कभी कभी, बरसात की एक रात, कसमे वादे, बेमिसाल और त्रिशूल जैसी मूवीज में राखी पर्दे पर बिग बी की हीरोइन रहीं। इसके बाद मूवी शान में राखी ने अमिताभ बच्चन की भाभी का दमदार रोल अदा किया। फिल्म शक्ति में राखी बिग बी की मां बनी थीं और दिलीप कुमार की पत्नी।

## ऋषि और डिंपल की 'बॉबी' को भी रूसी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था

# राजकपूर की 'आवारा' से लेकर शाहरुख की 'पठान' तक, रूस में हुईं लोकप्रिय

***मुंबई।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में बॉलीवुड फिल्मों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रूस में भारतीय फिल्में काफी लोकप्रिय हैं और रूस के लोगों को हिंदी फिल्मों में खासी दिलचस्पी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा करेंगे। आइए इस कड़ी में आपको उन हिंदी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन पर रूसी दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया।*




**'आवारा':** राज कपूर साल 1951 में आई इस क्राइम ड्रामा फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। वह फिल्म में अभिनय करते भी दिखे थे। इसमें पृथ्वीराज कपूर, नरगिस और शशि कपूर भी थे। यह बॉलीवुड की पहली फिल्म थी, जो रूस में बड़ी हिट साबित हुई थी। रूस में इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म के चलते आज भी रूसी दर्शक राज कपूर के दीवाने हैं। जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।

**'ममता' और 'सीता और गीता':** यूट्यूब पर मौजूद दिग्गज अभिनेत्री सुचित्रा सेन की 1966 में आई फिल्म 'ममता' भी रूस में हिट हुई दूसरी ओर रूस में हिट हुई बड़ी हिंदी फिल्मों में 1972 में आई हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' भी शामिल है। इस फिल्म पर रूसी दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाया था। इसमें हेमा की जोड़ी धर्मेंद्र के साथ बनी थी। जियो सिनेमा, अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।





**'बॉबी':** ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया की 1973 में आई फिल्म 'बॉबी' को भी रूसी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला था। इस फिल्म का निर्देशन भी राज कपूर ने ही किया था और इसके निर्माता भी राज ही थे। इस फिल्म के बाद सोवियत संघ में राज की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी थी। उनकी बदौलत उनके बेटे ऋषि को भी रूस में स्टारडम मिला था। जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।



**'पठान':** शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' ने भी रूस में अपना जलवा बिखेरा था। फिल्म ने पहले ही दिन रूसी बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। दुनियाभर में 1,050 करोड़ रुपये कमा चुकी यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देखी जा सकती है।




**'बारूद' और 'डिस्को डांसर' :** साल 1976 में आई ऋषि कपूर की फिल्म 'बारूद' ने भी रूस में जमकर कमाई की थी। रीना रॉय भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। यह फिल्म यूट्यूब पर है। उधर रूस में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में मिथुन चक्रवर्ती की 'डिस्को डांसर' भी शामिल है, जो 1982 में पर्दे पर आई थी। कमाई के मामले में इसने रूस में 'आवारा' को भी पीछे छोड़ दिया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर है।

## खबर संक्षेप

### कमांडर करण सक्सेना के बाद 'अमित खान' की किताबों पर आधारित एक और वेब सीरीज़, रीटा सान्याल!

**नई दिल्ली।** 'अमित खान' हिन्दी पल्प फिक्शन की दुनिया में आज एक जाना-पहचाना नाम है। देश के बड़े प्रकाशन संस्थानों द्वारा अभी तक उनके 100 से ज्यादा उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। हिंदी के अलावा अब उनके उपन्यास



अंग्रेजी, पंजाबी और मराठी भाषाओं में भी प्रकाशित हो रहे हैं।डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उनकी 2 महीने पहले ही 'कमांडर करण सक्सेना सीरीज़' का पहला सीज़न आया था, जिसने ओटीटी पर दर्शकों की ख़ूब वाह-वाही लूटी। सभी दर्शकों को 'कमांडर करण सक्सेना' ख़ूब पसंद आई। इस सीरीज़ में 'कमांडर करण सक्सेना' की भूमिका 'गुरमीत चौधरी' ने अभिनीत की थी।अब 'अमित खान' की किताबों की श्रंखला पर 14 अक्टूबर से एक और वेब सीरीज़ आ रही है, रीटा सान्याल! यह एक लॉयर के जीवन पर आधारित, थ्रिल और एक्शन से भरपूर बेहद मनोरंजक सीरीज है। जिसमें मुख्य भूमिका 'अदा शर्मा' अभिनीत कर रही हैं। अदा शर्मा, जो इससे पहले 'द केरला स्टोरी' कर चुकी हैं।अमित खान ने बताया, अदा शर्मा ने रीटा सान्याल की भूमिका शानदार तरह से अभिनीत की है।

### ईडी की गिरफ्तारी पर बोले गुलाब ,जनता देगी जवाब

**पटना।** आय से अधिक संपत्ति व मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार पूर्व विधायक गुलाब यादव ने आरोप



लगाते हुए कहा कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार हुए हैं। 2025 के विस चुनाव में जनता जवाब देगी। गिफ्तारी के बाद दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड के लिए पटना लाए जाने के दौरान पटना एयरपोर्ट पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को सियासी साजिश करार दिया।

# भगवान राम पर आधारित झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र

- इस बार ऐतिहासकि होगा दीपोत्सव, तैयारियां जोरों पर
- 18 झांकियों में 8 पर्यटन विभाग,10 झांकियां बना रहा है सूचना विभाग
- दीपोत्सव हर वर्ष लिख रहा है एक नया इतिहास
- 30 से अधिक मुस्लिम कारीगर झांकिया बनाने में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

भगवान राम की नगरी में आठवां दीपोत्सव इस बार बहुत खास होने वाला है। भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं, जिसकी झलक राम नगरी में मनाए जाने वाले दीपोत्सव में इस बार देखने को मिलेगी। इस बार दीपोत्सव में बेहद खास झांकियां होंगी, जो साकेत महाविद्यालय पर बनाई जा रही हैं। जिसके निर्माण में लगभग 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर लगे हुए हैं। रामायण के 7 कांडों पर झांकियां बनाई जा रही हैं।

दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए अयोध्या के साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं। जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और 7 झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी।



**27 को नगर भ्रमण**

राम मंदिर मॉडल और राम दरबार की झांकियां सबसे खास होंगी। युद्ध स्तर पर झांकियों का निर्माण शुरू हो गया है, जो 27 अक्टूबर को रिहर्सल के लिए नगर के भ्रमण पर निकलेंगी। पर्यटन विभाग झांसी के निर्माण में जुट चुका है, झांकियां बनाई जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री योगी झांकियों का करेंगे स्वागत

*दीपोत्सव हर वर्ष एक नया इतिहास लिखता है। इस बार का दीपोत्सव बेहद खास है। क्योंकि भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, ऐसे में दीपोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार दीपोत्सव में सबसे खास अयोध्या के सड़कों पर निकलने वाली झांकियां होंगी। भगवान राम के जीवन पर आधारित प्रसंग की यह झांकियां साकेत महाविद्यालय से निकलेंगी और लता मंगेशकर चौक तक जाएंगी, जहां मुख्यमंत्री झांकियों का स्वागत करेंगे। 18 झांकियां इस बार निकलेंगी, जिसमें आठ झांकियां पर्यटन विभाग तो 10 झांकियां सूचना विभाग बना रहा है. भगवान के जीवन मृत्यु पर आधारित झांकियों के निर्माण कार्य में लगभग 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर लगे हैं, जो पिछले तीन वर्षों से लगातार दीपोत्सव की झांकियां बना रहे हैं।*

### झांकियां सुबह 9:00 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलेगी

*दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए अयोध्या के साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और 7 झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी। यह झांकियां सुबह 9:00 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी, जो कि लगभग 2:00 बजे समाप्त होगी।*

## प्रयागराज में महाकुंभ से पहले जबरदस्त तैयारी

*प्रयागराज के परेड ग्राउंड में श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी का निर्माण*

# आगंतुकों के ठहराने शुरू हुआ उ.भारत का पहला स्लीपिंग पॉड

प्रयागराज महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुंभ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परंपरागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

योगी सरकार महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुंभ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया है। इस बार श्रद्धालुओं को स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान की जा सकती है।



**आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर पॉड तैयार**

स्लीपिंग पॉड्स एक कैप्सूल आकार के चैंबर , जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पॉड तैयार किए जाते हैं।

### सेफ्टी के सभी मानकों को सुनिश्चित कर होगा तैयार

पीपीपी मोड पर इनका निर्माण कराने की योजना है। इसके लिए वेंडर्स के प्रस्ताव आए हैं।

### श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं

पूरी तरह वातानुकूलित इन पॉड में चार्जिंग और पेयजल की सुविधा भी होती है। पॉड की सुविधा लेने वाले यात्रियों को क्लॉक रूम, रिसेप्शन बूथ, वाशरूम या टॉयलेट और हाउस पेंट्री की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की जा सकती है।

### पीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परंपरागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट सिटी बसाई जा रही हैं। टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार

अरैल में 2,000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1,600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है। इसमें झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है।

## जिनके घर रेड कर एनआईए ने

# 3 करोड़ बरामद किया था, उन्हें जदयू ने विस का दिया टिकट

एजेंसी ▶▶| गया

बिहार के चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। जिनमें गया जिले के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीट खाली होने के बाद उपचुनाव होना है। इन दोनों सीटों पर जन सुराज पार्टी ने पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं रविवार को बेलागंज विधानसभा सीट पर जदयू ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि कुछ दिन पूर्व जदयू नेत्री सह पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर एनआईए की कार्रवाई हुई थी। उक्त कार्रवाई में जांच एजेंसी की टीम को तीन करोड़ रुपए कैश और हथियार बरामद किया गया था। इस मामले की पूरे बिहार में जमकर चर्चा हुई थी।



### अतरी विधानसभा से मिली थी हार

जदयू के आला कमान ने पूर्व में हुई बिहार विधानसभा चुनाव में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अतरी विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को हार का सामना करना पड़ा था। एक बार फिर जदयू के आला कमान ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी पर भरोसा कर बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

### 24 मनोरमा देवी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी

जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिक प्रसाद ने कहा कि 23 अक्टूबर को बेलागंज विधानसभा में एनडीए के वरीय नेता जनसभा को संबोधित करेंगे। 24 अक्टूबर मनोरमा देवी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी। बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों में चर्चा है कि जहानाबाद के सांसद डा. सुरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र राजद के युवा नेता विश्वनाथ यादव के बीच कांटे की टक्कर होगी। पिछले तीन महीने से अधिक समय से उपचुनाव को लेकर मनोरमा देवी के पुत्र रॉकी यादव बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

## पेज एक का शेष

### 'सफेद पाउडर' ने ...

एनआईए की टीम शुरुआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने मौके पर पहुंची है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद जांच एजेंसी एनआईए को भी सौंपा जा सकता है। फिलहाल स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस के द्वारा इस मामले की तफ्तीश की रिपोर्ट के बाद मंगलवार तक इस मामले में लिया जा सकता है। तफ्तीश संबंधित आगे का फैसला आतंकी साजिश या कोई बड़े वारदात की संभावना के मद्देनजर ही लिया जा सकता है। एनआईए को केस ट्रांसफर किया जाएगा। किसी भी बड़े अपराधिक वारदात/ आतंकी घटना या संदिग्ध बम विस्फोटक से संबंधित इनपुट्स की जानकारी मिलने के बाद शुरुआती तफ्तीश के लिए एनआईए को पहुंचना ये एक एसओपी यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है। इस बीच, दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी ने केंद्र-शासित भाजपा पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखना भाजपा की जिम्मेदारी है।

### आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल...

और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इंडिगो, विस्तारा अकासा और एयर इंडिया की उड़ानें प्रभावित रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ई 58 जेद्दा से मुंबई, 6ई 87 कोझिकोड से दम्मम, 6ई 11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ई 17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ई 133 पुणे से जोधपुर और 6ई 112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं।

**इंडिगो, विस्तारा अकासा और एयर इंडिया की उड़ानें प्रभावित:** रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ई 58 जेद्दा से मुंबई, 6ई 87 कोझिकोड से दम्मम, 6ई 11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ई 17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ई 133 पुणे से जोधपुर और 6ई 112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं।

**विस्तारा में भी फर्जी कॉल:** वहीं, विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि छह उड़ानों यूके25 दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, यूके106 सिंगापुर से मुंबई, यूके146 बाली से दिल्ली, यूके116 सिंगापुर से दिल्ली, यूके110 सिंगापुर से पुणे और यूके107 मुंबई से सिंगापुर फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली। इसके अलावा अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि उसकी कुछ उड़ानों को रविवार को सुरक्षा अलर्ट मिले। इसके बाद आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने स्थिति की निगरानी की। साथ ही सुरक्षा अधिकारियों से संपर्क किया। वहीं एयर इंडिया की कम से कम छह उड़ानों में बम होने की धमकी मिली। मगर एयर इंडिया की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। इस सप्ताह अब तक 90 से अधिक उड़ानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। सभी धमकियां अफवाह निकली हैं।

### बस ने टेंपो को मारी ...

करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेंपो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। पुलिस ने टेंपो सवार घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि गुमट निवासी इरफान ऊर्फ बंटी (38) का टेम्पो था शादी समारोह के बाद परिवार समेत अपने घर लौट रहा था। सुन्नीपुर के पास बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिला और आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई।

**रात 12 बजे घायलों को लाया गया था अस्पताल:** बाड़ी अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया कि रात करीब 12 बजे घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। मेडिकल टीम ने सभी को तुरंत इलाज देने की कोशिश की। 14 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 10 की मौत हो चुकी थी। 4 घायलों को गंभीर हालत में धौलपुर रेफर कर किया था, लेकिन 2 लोगों की रास्ते में मौत हो गई। दो घायलों का धौलपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### वाराणसी में शंकराचार्य...

एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस) का नया मतलब भी बता दिया। शंकराचार्य ने कहा कि हमारे देश में जो एनडीए सरकार चल रही है, जिसका अर्थ है नरेंद्र दामोदरदास का अनुशासन। यह सुनते ही शंकराचार्य के बगल में बैठे पीएम मोदी भी हंस पड़े। गौरतलब है कि पीएम मोदी का पूरा नाम नरेंद्र दामोदरदास मोदी है। शंकराचार्य ने आगे मोदी की तारीफ में कहा कि अच्छा नेता मिलना बहुत मुश्किल काम है। देश के इस समय एक बढ़िया नेता मिला है। हमें एक ऐसा नेता मिला है जो सबको जोड़ने वाला है। मोदी ने कोरोना के समय भी सभी को अन्न खिलाया है। उन्हें पता है कि लोगों का कष्ट क्या है, उस कष्ट को दूर करने का काम हो रहा है। देश में जितना बौद्धिक विकास जरूरी है, उतना ही धर्म का भी जरूरी है। यह सब मोदी जी कर रहे हैं। शंकराचार्य ने कहा कि विश्व गुरु बनने के लिए विद्या, वैद्य और वेद तीनों की जरूरत होती है।

### सरकार का बड़ा फैसला...

पब्लिक सेक्टर कंपनियों के लिए चालू वित्त वर्ष की कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी गाइडलाइन्स में संशोधन किया है। अब इन कंपनियों के सीएसआर में सामान्य विषय या थीम के रूप में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम भी शामिल रहेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हर साल अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पब्लिक सेक्टर कंपनियां कोई थीम या विषय तय करती हैं। इस थीम पर ही उन्हें अपने सीएसआर फंड का 60 फीसदी पैसा खर्च करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीएसआर के लिए सामान्य विषय के रूप में 'हेल्थ और न्यूट्रिशन' में पीएम इंटर्नशिप स्कीम को जोड़ा है। अब पब्लिक सेक्टर कंपनियां इस वित्त वर्ष में अपने सीएसआर फंड का 60 फीसदी इन्हीं चीजों पर खर्च कर सकेंगी।

**25 अक्टूबर तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन:** इस स्कीम में 25 अक्टूबर तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। युवाओं का चयन 26 अक्टूबर को होगा. इसके बाद 27 अक्टूबर से 7 नवंबर तक कंपनियां इनमें से अपने लिए काम करने वाले युवाओं को चुनेंगी। युवाओं को ऑफर स्वीकार करने के लिए 8 से 15 नवंबर तक का समय दिया जाएगा। एक उम्मीदवार को अधिकतम तीन ऑफर दिए जाएंगे।

**5 साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जाएगी:** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में इंटर्नशिप स्कीम के तहत कंपनियों के साथ-साथ इंटर्न का भी रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। इस स्कीम के तहत 5 साल में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दी जानी है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप 2 दिसंबर से शुरू होने वाली है। इस पर करीब 800 करोड़ की लागत आने का अनुमान है। मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इसके तहत लाने का लक्ष्य है।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में लॉन्च की थी यह स्कीम:** पीएम इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में की थी। इस योजना के तहत टॉप 500 कंपनियां 21 से 24 वर्ष के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। साथ ही उन्हें लाइफ इंश्योरेंस भी दिया जाएगा। एक वर्ष के लिए 5,000 रु. की मासिक वित्तीय सहायता के अलावा इंटर्न के लिए 6,000 रु. का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। मासिक सहायता में सरकार द्वारा 4,500 रु. और कंपनी द्वारा अपने सीएसआर फंड से 500 रु. दिए जाएंगे।




## जलशक्ति मंत्री ने सीएम को सौंपा 54 लाख का चेक

# उत्तर प्रदेश परियोजना निगम लि.का टर्नओवर पिछले सालों के मुकाबले बढ़ा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभांश का चेक सौंपा है। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन ने सीएम योगी को 54 लाख लाभांश का चेक दिया है। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जलशक्ति मंत्री ने सीएम को बताया कि उनके मार्गदर्शन में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। त्तिीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर 1448.24 करोड़ का रहा। कॉरपोरेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित टैक्स पूर्व लाभ, जो कॉरपोरेशन की स्थापना से अब तक का सर्वाधिक 87.80 करोड़ है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में टर्नओवर और लाभ का अनुपात 6.06 है। इस वित्तीय वर्ष में 30.65 करोड़ रुपए का आयकर भुगतान किया गया जबकि अप्रत्यक्ष कर जीएसटी 323 करोड़ रुपए रहा।

## पुलिस कमिश्नर ओर डीडीए वाईस चेयरमैन की टीमों के बीच ओपनिंग मैच

# डीडीए आफिसर्स इलेवन ने पुलिस आफिसर्स इलेवन को 15 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से यमुना मैय्या की स्वच्छता को लेकर आयोजित यमुना ट्राफी -2024-25 के 10 वें संस्करण का भव्य आयोजन सीडब्ल्यूजी ग्राउंड, अक्षरधाम, दिल्ली में धूमधाम से शुरू हुआ। पहला मैच दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन और डीडीए आफिसर्स इलेवन के बीच खेला गया। दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन के कप्तान पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और डीडीए आफिसर्स इलेवन के कप्तान डीडीए के वाईस चेयरमैन शुभाशीष पांडा के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज एवं वर्तमान में एनजीटी के न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया।टॉस डीडीए आफिसर्स इलेवन ने जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। डीडीए आफिसर्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 143 रन बनाएं। जवाब में दिल्ली पुलिस आफिसर्स इलेवन ने 19.5 ओवर में कुल 128 रन बनाए। इस प्रकार डीडीए आफिसर्स इलेवन ने यह मैच 15 रनों से जीत लिया। पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण किया,वही नीरव पटेल ने बेस्ट फील्डर का खिताब हासिल किया। दिल्ली पुलिस की और से सबसे ज्यादा रन एडिशनल डीसीपी दीपेंद्र ने 22 रन और प्रतिद्वंद्वी डीडीए के 4 विकेट भी झटके।डीडीए के वाईस चेयरमैन शुभाशीष पांडा ने पारी की शुरुआत की ,तो वही अरुण डबास ने तेजतर्रार 31 बाल पर 57 रनों की नाबाद पारी खेली और एक खिलाड़ी को आउट भी किया। मैन आफ दा मैच डीडीए आफिसर्स इलेवन के अरुण डबास के नाम गया।




## बैठक में 100वें स्थापना दिवस की रूपरेखा तैयार

# संघ प्रमुख ने मथुरा में तीन हजार से अधिक स्वंयसेवकों के साथ किया योग

एजेंसी ▶▶| मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक होनी है। इसमें शामिल होने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत, फरह के परखम पहुंचे हैं। रविवार को दीनदयाल गोविज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दिलीप बिस्पुते ने संबोधित किया। दो घंटे तक चले कार्यक्रम के बाद कार्यकारी मंडल की बैठक की योजना तैयार की गई। टोली की बैठक में 100वें स्थापना दिवस का एजेंडा तैयार किया गया। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में 25 और 26 अक्तूबर को होनी है।



### सुख-दुख बांटना स्वभाव में लाना जरूरी

*आपस में जातिगत ऊंच-नीच भेदभाव समाप्त करना होगा। समाज के सभी वर्गों को आपस में सुख-दुख बांटना स्वभाव में लाना जरूरी है। साथ ही पर्यावरण की चिंता करनी होगी। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. हरीश सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख, प्रांत कार्यवाह राजकुमार, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।*

### स्वदेशी को जीवन में उतारना होगा

बैठक संपन्न होने के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मीडिया के साथ चर्चा के दौरान कहा कि आगामी सालों में संगठनात्मक लक्ष्यों को हासिल करने के बारे में बताएंगे। इधर, शाखा को संबोधित करते हुए दिलीप बिस्पुते ने कहा कि स्वदेशी को हम सभी को अपने जीवन में उतारना है।

## चिंतन

# रेलवे के बाद विमानन में दहशत की कोशिश

इस समय भारतीय विमानन क्षेत्र को फियर टेरर का सामना कर रहा है। विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी दी जा रही है। 14 अक्टूबर से अब तक 90 विमानों को फेक धमकी दी जा चुकी हैं। हर फेक धमकी से एयरलाइंस को तीन करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। भारतीय विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है, हजारों यात्री विमान परिचालन में हैं। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार है। चूंकि यह धमकी रोज दी जा रही है, इसमें विमानों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए यह किसी सिरफिरे का काम नहीं हो सकता है। यह एक पैटर्न है, जिस पर सुनियोजित तरीके से काम हो रहा है। ऐसे ही कुछेक दिन पहले रोज किसी न किसी ट्रेन रूट को बाधित किया जा रहा था। कई बार ऐसा हुआ कि ट्रेन हादसा होते-होते बचा। भारतीय रेल विशाल नेटवर्क है और रोजाना दो करोड़ से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं, इसलिए रेलयात्री के मन में असुरक्षा का डर पैदा कर रेलवे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है। पहले रेल यात्रियों में डर, अब विमान यात्रियों में डर। यह डर आतंकवाद है, जिसका मकसद भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है। रेल और विमानन क्षेत्र को असुरक्षित कर देने से इन पर गहरा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों को इस फियर टेरर को गंभीरता से लेना चाहिए। यह आतंक का नया मॉड्यूल हो सकता है। विमानों को धमकी पर गृह मंत्रालय ने जरूर रिपोर्ट मांगी है, सरकार सख्ती की तैयारी कर रही है, लेकिन वास्तविकता में विमानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी केंद्र सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। फौरी एक्शन से कुछ खास नहीं प्राप्त होगा। सरकार को इसकी तह में जाना चाहिए। क्या यह देश के अंदर किसी प्रतिबंधित ग्रुप की सुनियोजित हरकत तो नहीं है? क्या इसमें दुश्मन पड़ोसी देशों की खुफिया एजेंसियों के हाथ तो नहीं हैं? देश के अंदर भी कई विध्वंसक, अलगाववादी, आतंकी, नक्सलवादी, उग्रवादी ताकतें हैं, जो दुश्मन मुल्कों की कठपुतलियां हैं और चंद टुकड़ों के लिए अपने मुल्क को अस्थिर करने में जुटे रहते हैं। सरकार को हर एंगल से जांच करनी चाहिए। भारतीय रेल और विमानन क्षेत्र दुश्मनों के निशाने पर हैं। विमान व रेल यात्रा का सुरक्षित होना जरूरी है। ये भारत की लाइफलाइन हैं। आज ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों के सात एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया है। सरकार मेट्रो शहरों के साथ टियर दो और तीन श्रेणी के शहरों में भी विमान सेवा का विस्तार कर रही है। परिवहन के विभिन्न क्षेत्र को बढ़ावा देकर कनेक्टिविटी को तेज और मजबूत बनाया जा रहा है, इसके लिए सुरक्षा का माहौल बहुत जरूरी है। विमान में बम होने की झूठी धमकियों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है, इसके पैटर्न को समझना चाहिए और इसके पीछे के टेरर मॉड्यूल का पता लगाना चाहिए। सरकार के पास सभी तरह के सुरक्षा व जांच तंत्र हैं। इजराइल के साथ बेहतर संबंध के चलते भी भारत इजराइल विरोधी आतंकी गुटों के निशाने पर रहता है। उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने जरूर भरोसा दिलाया है कि भारतीय आसमान पूरी तरह से सुरक्षित है, यात्रियों को बिना डरे यात्रा करनी चाहिए, लेकिन जिस मात्रा में धमकियां मिल रही हैं, आपात लैंडिंग हो रही हैं, उसमें यात्रियों व विमान कर्मियों में सुरक्षा का भाव पैदा होना कठिन है, क्योंकि फेक धमकी देने वाले पकड़े नहीं गए हैं, जिससे इसके पीछे का मकसद पता चले। रेल और विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना सरकार की महती जिम्मेदारी है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संगठित रहकर ही चुनौतियों का हल

> ऐसा पहली बार देखा गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से डा. भागवत के भाषण का लिंक रिपोस्ट किया और आग्रह किया कि इसे अवश्य सुना जाए। इस नाते भी इसका महत्व बढ़ जाता है। डॉ. भागवत विजयादशमी के हर भाषण के आरंभ में भारत राष्ट्र के रूप में किस तरह सर्वांगीण उन्नति कर रहा है और विश्व में इसकी महिमा, प्रतिष्ठा और साख कैसे बढ़ी है, इसकी आवश्यक चर्चा करते हैं। स्वाभाविक ही इससे स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के अंदर भारत को लेकर सकारात्मक आत्मविश्वास की भावना सशक्त होती है। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया।

आजकल घटनाएं इतनी तेजी से घटती और बदलती हैं कि कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्वजनिक स्तर पर आवश्यक गहन चर्चा और विश्लेषण नहीं हो पाता। ऐसा ही कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के महत्वपूर्ण विजयादशमी उद्बोधन के संदर्भ में हुआ। संघ का संगठन परिवार इस समय विश्व स्तर पर सबसे बड़े जन समूह और संगठनों वाला विचार परिवार है। सरसंघचालक का हर वक्तव्य उनके लिए मार्गदर्शन के समान होता है। विजयदशमी संघ का स्थापना दिवस है। इस कारण भी नागपुर से दिए भाषण का सर्वाधिक महत्व हो गया है। ऐसा पहली बार देखा गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल से डा. भागवत के भाषण का लिंक रिपोस्ट किया और आग्रह किया कि इसे अवश्य सुना जाए। इस नाते भी इसका महत्व बढ़ जाता है। डॉ. भागवत विजयादशमी के हर भाषण के आरंभ में भारत राष्ट्र के रूप में किस तरह सर्वांगीण उन्नति कर रहा है और विश्व में इसकी महिमा, प्रतिष्ठा और साख कैसे बढ़ी है इसकी आवश्यक चर्चा करते हैं। स्वाभाविक ही इससे स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के अंदर भारत को लेकर सकारात्मक आत्मविश्वास की भावना सशक्त होती है। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया।

आगे उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर मैं बोलने नहीं जा रहा हूं क्योंकि इस समय भारत और विश्व के लिए चुनौतियां एवं खतरे ऐसे खड़े हुए हैं जिनको समझाना और उनका सामना करते हुए समाप्त करना और अपरिहार्य हो गया है। इसमें उन्होंने हिंदू समाज को ही स्वाभाविक रूप से केंद्र में रखा। इसका कारण वह लगातार बताते रहे हैं कि हिंदुओं का संस्कार, चरित्र, जीवन मूल्य और जीवन दर्शन ही ऐसा है जिसमें संपूर्ण विश्व के समुत्कर्ष, कल्याण, शांति - सद्भाव के लिए जीने और काम करने का आधार होता है। इसलिए हिंदू संगठित रहें, खतरों के प्रति सतर्क और इसे समाप्त करने के लिए सक्रिय हों जिससे भारत एक राष्ट्र के रूप में अपने सही लक्ष्य को पहचानते हुए सशक्त रह पाएगा तभी यह संभव होगा। अगले दिन समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी - 'डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुओं को समझना होगा कि दुर्बल व असंगठित होना अत्याचार को निमंत्रण देना है।' अगर देखें तो निस्संदेह यह उनके भाषण का प्रमुख सूत्र था किंतु ऐसा उन्होंने क्यों कहा, यह महत्वपूर्ण हो जाता है। अपने भाषण के अंत में उन्होंने नवरात्र की चर्चा करते हुए बताया, उस पंक्ति को देखिए। 'इसी साधना से विश्व के सभी राष्ट्र अपना- अपना उत्कर्ष याद कर नए सुख, शांति व सद्भावनायुक्त विश्व को बनाने में अपना योगदान करेंगे। उस साधना में आप सभी आमंत्रित हैं।' उनकी उन्होंने एक गीत की पंक्ति दोहराई –हिंदू भूमि का कण-कण हो अब शक्ति का अवतार उठे, जल -थल से अंबर से फिर हिंदू की जय - जयकार उठे, जग जननी की जयकार उठे। तो यह साधना कौन सी है? नवरात्रि में देवी वास्तव में देवताओं के शक्तियों की पुंज थीं लेकिन शक्तिशाधना शील के साथ। इसीलिए उन्होंने कहा कि संघ की प्रार्थना में कोई परास्त न कर सके ऐसी शक्ति और विश्व विनम्र हो, ऐसा शील भगवान से मांगा है। विश्व के, मानवता के कल्याण का कोई काम अनुकूल परिस्थिति में भी इन दो गुणों के बिना संपन्न नहीं होता। विश्व की मंगल साधना में मौन पुजारी के नाते संघ लगा है तो उसके पीछे यही सोच है। इसलिए संगठित होने का अर्थ दूसरे को डराना या हमलावर होना



नहीं बल्कि कल्याण के लिए शील संपन्न शक्ति साधना है। उनकी इस बात से हर भारतीय को सहमत होना चाहिए कि भारत विश्व में प्रमुखता पा रहा है तो ऐसी शक्तियां और देश हैं जिन्हें अपने निहित स्वार्थ पर खतरा नजर आता है और वह अनेक तरीकों से भारत को कमजोर और अस्थिर करने का प्रयास करते हैं।

इसके दुनिया में उदाहरण हैं कि चाहे देश पर आक्रमण करना हो, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को अवैध अथवा हिंसक तरीकों से उलट देना हो, अंदर विद्रोह करना हो, ऐसे प्रयास चलते रहे हैं और भारत के विरुद्ध चल रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिंसक तख्तापलट की चर्चा करते हुए कहा कि हिंदू समाज पर जिस तरह अकारण नृशंस अत्याचार हुए उसके विरुद्ध हिंदू समाज संगठित होकर स्वयं बचाव में घर के बाहर आया इसलिए बचाव हुआ किंतु वह समाप्त नहीं हुआ है। इससे भारत में कई प्रकार के खतरे बढ़े हैं, इसलिए विश्वभर के हिंदुओं और भारत सरकार के सहयोग की अल्पसंख्यक हिंदुओं को आवश्यकता है। यहीं पर उन्होंने कहा कि असंगठित रहना व दुर्बल रहना, यह दूसरों के द्वारा अत्याचारों को निमंत्रण देना है। चूंकि बांग्लादेश को पाकिस्तान में भी मिलाने की बात हो रही है इसलिए यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। दूसरे खतरे के रूप में उन्होंने डीप स्टेट, वोकिजम, कल्चरल मार्क्सिस्ट की चर्चा करते हुए कहा कि यह सभी सांस्कृतिक परंपराओं के घोषित शत्रु हैं और सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं तथा जहां-जहां जो भी भद्र मंगल है उसका पूरी तरह नाश इनकी कार्य प्रणाली का अंग है। सच है कि देश में कृत्रिम तरीके से मांग, आवश्यकता अथवा समस्या के आधार पर अलगाव के लिए प्रेरित करते हैं, असंतोष को हवा देते हैं और शेष समाज से अलग व्यवस्था के विरुद्ध उग्र बनाते हैं। समाज में टकराव की संभावनाओं को ढूंढ कर टकराव खड़े करते हैं और इस तरह चारों ओर अराजकता और भय का वातावरण पैदा किया जाता है। बताने की आवश्यकता नहीं कि भारत में यह स्थिति हमारे चारों ओर है। दुर्भाग्य से सत्ता के लिए स्पर्धा में अनेक दलों ने यही पद्धति अपनायी और इसकी क्षति देश को हो रही है। इसमें संस्कार युक्त परिवार और समाज परंपरा में दोष उत्पन्न हो गए हैं और हर स्त्री को माता के रूप में देखने का आचरण कमजोर हुआ है। इसके कारण बलात्कार और अन्य शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं।

सीमा क्षेत्र से लेकर चारों ओर संकट खड़ा करने तथा बिना कारण कट्टरपन को उकसाने की घटनाएं हमारे सामने हैं जब हिंदू धर्म यात्राओं पर अकारण पथराव और हमले हो रहे हैं तथा बिना कारण हिंसा व भय पैदा करने की घटनाएं जिसे डॉक्टर भागवत ने गुंडागर्दी कहा और यही सच है। चूंकि यह योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है इसलिए इसे तुरंत नियंत्रित करना, उपद्रवियों को दंडित करना प्रशासन का काम है लेकिन उन्हें हम तक पहुंचने से रोक कर अपने प्राण व संपत्ति की रक्षा का दायित्व तो समाज का ही है। लेकिन जब तक हिंदू समाज जातियों में बंटा रहेगा तब तक यह संभव नहीं होगा, इसलिए मोहन भागवत की यह बात बिल्कुल उचित है कि समाज के सभी वर्गों में कुटुंबों की मित्रता होनी चाहिए।इस तरह डॉ. भागवत ने भारत में व्याप्त सभी खतरों, उनके कर्म और यहां तक कि उनके निदान की भी बात की और अगर आपके अंदर कोई वैचारिक घृणा और दुराग्रह नहीं है तो इसे स्वीकार करना पड़ेगा। अगर दुनिया में अंतरराष्ट्रीय व्यवहार में सद्भावना व संतुलन लाकर शांति और बंधुता की ओर बढ़ना है तो भारत को विशेषकर हिंदुओं को अपने को शक्तिशाली बनाए रखना होगा । बलहीन को कोई नहीं पूछता। इसीलिए उन्होंने संगठित होने की बात की तथा असंगठित होने को अत्याचार बताया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्वास्थ्य
बाल मुकुन्द ओझा




# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा रहा मोटापा

आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन ने देश के नौनिहालों से लेकर किशोर, युवा और बुजुर्ग तक को अपने आगोश में ले लिया है। इसके फलस्वरूप देश और दुनियाभर में मोटापे की समस्या गंभीर रूप से उत्पन्न हो गई है। विशेषकर व्यस्क आबादी इसकी चपेट में आ गई है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को हानिकारक इसलिए माना जाता है क्योंकि इनमें स्वाद को बेहतर बनाने के लिए बहुत सारे कृत्रिम योजक या रसायन होते हैं। आप प्रत्येक पैकेज के पीछे लगे लेबल को पढ़कर किसी विशेष खाद्य उत्पाद को बनाने में प्रयुक्त सामग्री की पहचान कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताज़ा रिपोर्ट में बताया गया है 1990 के बाद से दुनियाभर के व्यस्कों में मोटापा दो गुना से अधिक बढ़ गया है। इस अवधि में किशोर आबादी में मोटापा चार गुना बढ़ा है। आयातित और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अधिक उपयोग से 2022 तक करीब 43 प्रतिशत व्यस्कों का अधिक वज़न बढ़ा है वहीं 16 प्रतिशत मोटापे के शिकार हुए हैं। विश्व मोटापा एटलस 2024 के अनुमानों के मुताबिक 2035 तक लगभग 330 करोड़ व्यस्क मोटापे से ग्रस्त होंगे। साथ ही 5 से 19 साल की आयु सीमा के 77 करोड़ से अधिक किशोर और युवाओं को मोटापा घेर लेगा। भारत की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक सवा सात प्रतिशत से अधिक व्यस्क मोटापे की चपेट में थे। नेशनल फैमिली हेल्थ और मेडिकल पत्रिका लेसेन्ट आदि के अनेक प्रमाणिक सर्वेक्षणों में भी कहा गया है कि हमारे देश में पेट के मोटापे की समस्या सर्वाधिक है। यह समस्या महिलाओं में 40 और पुरुषों में 12 प्रतिशत पाई गई है। स्वास्थ्य के प्रति इस गंभीर खतरे को हमने समय रहते सख्ती से नहीं रोका तो यह देश में नशे से भी अधिक भयावह स्थिति उत्पन्न कर देगा और इसके जिम्मेदार केवल हम ही होंगे। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में देश में दबे पांव प्रवेश करने वाले जंकफूड जिसे फास्ट फूड भी कहते है, ने हमारे सम्पूर्ण पाचनतंत्र पर कब्जा कर स्वास्थ्य के जीवन तंत्र को बिगाड़ कर रख दिया है। फास्ट फूड आज घर-घर में अल्पाहार के रूप में प्रयोग में लिए जा रहे हैं। जंकफूड में कार्बोहाइड्रेट, वसा और शर्करा होती है। इसमें अधिकतर तलकर बनाए जाने वाले व्यंजनों में पिज्जा, बर्गर, फ्रैंकी, चिप्स, चॉकलेट, पेटीज मुख्य रूप से शामिल हैं। एक आहार विशेषज्ञ अनुसार बर्गर में 150-200, पिज्जा में 300, शीतल पेय में 200 और पेस्ट्री, केक में करीब 120 किलो कैलोरी होती है जो आजकल लोगों पर मोटापे के रूप में हावी हो रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आलू के चिप्स हों या कोक का वह गिलास जिसका आप दिन या रात के किसी भी समय आनंद लेते हैं, आप नहीं जानते होंगे कि आप जो नाश्ता करना पसंद करते हैं वह वास्तव में प्रसंस्कृत भोजन है।

कोई भी खाद्य पदार्थ जिसमें किसी न किसी तरह से बदलाव किया जाता है, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की श्रेणी में आता है। आमतौर पर, ये ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें उनकी शेल्फ लाइफ या उनके स्वाद को बढ़ाने के लिए बदल दिया गया है, लेकिन प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से विभिन्न स्वास्थ्य जोखिम भी होते हैं। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आधुनिक जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। इनको न्यूनतम प्रसंस्कृत, भारी प्रसंस्कृत या अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में वर्गीकृत किया जा सकता है। जब किसी खाद्य उत्पाद के स्वाद, स्थिरता और बनावट को बढ़ाने के लिए कई सामग्रियों को जोड़ा जाता है, तो आप इसे भारी या अति-प्रसंस्कृत कह सकते हैं। एक सर्वे के अनुसार, 33.66 फीसदी भारतीयों ने स्वीकारा है कि वे हफ्ते में कम से कम दो बार जंकफूड या रेडीमेड फ़ूड खाते ही हैं। भारत में रेडीमेड फूड का उद्योग भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसकी वार्षिक प्रगति दर 40 फीसदी बताई जाती है। तीव्र गति से बढ़ते शहरीकरण, व्यस्त जीवन-शैली और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बदलाव ने भारत में लोगों के जीवन-यापन के तरीके को बदल कर रख दिया है। इन बदलावों के फलस्वरूप लोगों ने घर पर खाना पकाने और खाने की आदत में भी बदलाव किया है। महानगरों में रहने वाले परिवारों की तैयार भोजन, फास्ट फूड और जंकफूड पर निर्भरता ज्यादा बढ़ गई है। अब तो इनकी पहुंच घर-घर में हो गई है। यह बच्चों के प्रिय नाश्ते में शुमार हो गया है। देखा तो यह गया है कि पूरा परिवार अल्पाहार में फास्ट फूड का उपयोग करने लगा है। आहार विशेषजों के अनुसार फास्ट फूड कभी-कभार तो ठीक है लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। स्वाद के पीछे के जहरीले रसायन को पहचान कर हमें अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी होगी, इसी में हम सबकी भलाई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आंखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# वैक्सीन संबंधी भ्रांतियां रंगमंच के जरिए की दूर

लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक 'प्रिन्स एंड नीडल्स' का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा। रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। इसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, 'इस नाटक से निश्चित रूप से (टीकों के पक्ष और विपक्ष में) बहस को बढ़ावा मिलेगा और इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं।'



## ऑफ बीट

# घर के कामकाज करने वाले रोबोट बनाने में लगेगा समय

हाल ही में टेस्ला की प्रदर्शनी में चलते-फिरते, बोलते-नाचते 'ऑप्टिमस' रोबोट ने काफी उत्साह पैदा किया था। भले ही यह अब भी भविष्य की एक आकर्षक झलक हो, लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रोबोट उम्मीद से बेहतर साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, 'सोफिया' को ही लें, जिसे 2016 में टेक्सास स्थित हैनसन रोबोटिक्स ने बनाया था। इसी तरह हमने बोस्टन डायनेमिक्स के 'एटलस' जिमनास्टिक्स, ब्रिटेन निर्मित अमेका रोबोट 'वेकिंग अप' और हाल ही में टेस्ला के 'ऑप्टिमस' के सावधानीपूर्वक तैयार किये गए वीडियो देखे हैं। जाहिर है कि ये अभी अलग-अलग तरीकों से प्रभावशाली हैं, लेकिन वे पूर्ण 'पैकेज' के करीब नहीं पहुंचे हैं। ऑप्टिमस या एटलस को किसी गैर पूर्व निर्धारत स्थान पर छोड़ दें और आप बहुत कुछ अलग देखेंगे। हमारे घरों में काम करने में सक्षम एक मानव रोबोट को कई अलग-अलग कार्य करने, हमारे उपकरणों का उपयोग करने, हमारे वातावरण में गतिविधियां करने और मानव की तरह हमसे संवाद करने में सक्षम होना चाहिए। अगर आपको लगता है कि यह केवल एक या दो साल में सच हो सकता है, तो आपको निराशा हाथ लगने वाली है।



## ट्रेंड

### ठीकरा अधिकारियों के सिर



भाजपा की ये पुरानी आदत है कि पहले सफेदपोश बनकर चुपचाप भ्रष्टाचार करती है और जब पोल खुल जाती है तो उसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देती है। जनता पूछ रही है कि सरकार की लगाम क्या अधिकारियों के हाथ में है?
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### करुणा की परिभाषा



एक कॉलेज छात्र ने पूछा, "करुणा की पुरानी व नई परिभाषाओं में क्या अंतर है?" मेरा उत्तर था, "करुणा की पुरानी परिभाषा 'एक साथ पीड़ा सहना' और नई परिभाषा 'एक साथ मिलकर समाधान करना' है।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

### बागडोर अपने हाथों में लें



आप जो भी भावना महसूस करते हैं, हर विचार जो आपके दिमाग में आता है, आप अपने आस-पास की दुनिया को कैसे देखते हैं, और कैसे प्रतिक्रिया करते हैं - यह सब आपके नियंत्रण में है। अपने जीवन की बागडोर मजबूती से अपने हाथों में लें।
-हर्ष गोयनका, कारोबारी

### विनम्रता सबसे खूबसूरत



विनम्रता रचनात्मकता की मूलभूत शक्ति है। अपने व्यक्तिगत अहंकार को निखारना सीखें और अपने रचनात्मक अहंकार को उभरते हुए देखें.. यह आपके पास मौजूद सबसे खूबसूरत चीज है..
-शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# आज की विकास पहलों से नागरिकों, खासकर युवा शक्ति को बहुत लाभ होगा

## पीएम ने वाराणसी में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

## इसमें 6,100 करोड़ की लागत वाली कई हवाईअड्डा परियोजनाएं शामिल

**बीते 10 सालों में हमने देश में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया है: प्रधानमंत्री मोदी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। परियोजनाओं में 6,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई हवाईअड्डा परियोजनाएं और वाराणसी में कई विकास पहल शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन काशी के लिए बहुत ही शुभ है। उन्होंने आज ही आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि यह अस्पताल बुजुर्गों और बच्चों के लिए बहुत सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए हवाईअड्डों के उद्घाटन का उल्लेख किया।

इसमें आगरा और सहारनपुर का बाबतपुर हवाईअड्डा और सरसावा हवाईअड्डा शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा, कौशल विकास, खेल, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं की आज वाराणसी में सौगात दी गई है, जिससे न केवल सेवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के लोगों की सेवा करने का अवसर मिलने पर तीन गुना अधिक काम



करने के अपने वादे को याद करते हुए कहा कि सरकार बनने के 125 दिनों से भी कम समय में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतम बजट गरीबों, किसानों और युवाओं को समर्पित है। मोदी ने कहा कि आज हर घर में 15 लाख करोड़ रुपए के काम की चर्चा हो रही है, जबकि एक दशक पहले अखबारों में घोटालों की खबरें आती थीं। उन्होंने कहा कि देश जिस बदलाव की चाहत रखता है, जिसमें लोगों का पैसा लोगों पर खर्च हो और पूरी ईमानदारी के साथ देश की प्रगति हो, यही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसके दो मुख्य उद्देश्य हैं - लोगों के लिए सेवाओं में सुधार और निवेश के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना। आधुनिक राजमार्गों के विकास कार्यों, नए मार्गों पर रेल पटरियों को बिछाने और नए हवाई अड्डों की स्थापना का उदाहरण देते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि इससे लोगों के लिए सुविधा बढ़ रही है और साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। बाबतपुर हवाई अड्डे के लिए राजमार्ग के निर्माण से न केवल यात्रियों को लाभ हुआ है, बल्कि कृषि, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि बाबतपुर हवाई अड्डे की उड़ान संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए इसके विस्तार के लिए पहले से ही काम चल रहा है। मोदी ने कहा, भारत के हवाई अड्डे और उनकी शानदार इमारतों में अद्भुत सुविधाएं हैं, जो पूरी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। वर्ष 2014 में देश में सिर्फ 70 हवाई अड्डे थे, जबकि आज देश में 150 से ज्यादा हवाई अड्डे हैं और पुराने हवाई अड्डों के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल देश के एक दर्जन से ज्यादा हवाई अड्डे पर नई सुविधाओं का निर्माण कार्य पूरा हुआ, जिसमें अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती हैं। मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा हर दिन राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। पआज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे के राज्य के रूप में जाना जाता है, जबकि पहले इसकी खस्ताहाल सड़कों को लेकर उपहास किया जाता था।

---

## महाराष्ट्र: भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवार मैदान में उतारे

# फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से टिकट और प्रदेशाध्यक्ष बावनकुले को कामठी से प्रत्याशी बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 99 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को उनके गढ़ नागपुर दक्षिण-पश्चिम से टिकट दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उम्मीदवार बनाया गया है।

ज्ञात हो कि महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा है, जिनके लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उम्मीदवारों की पहली सूची में 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है। 10 उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ेंगे। मौजूदा तीन निर्दलीय विधायकों को भी भाजपा ने टिकट दिया है।

**288 सदस्यीय विधानसभा का चुनाव**

### अभी महायुति गठबंधन की सरकार



महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं। इस सत्ताधारी गठबंधन में शिवसेना के अलावा भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। साल 2019 का विधानसभा चुनाव भाजपा और अविभाजित शिवसेना ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बैनर तले साथ मिलकर लड़ा था। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 165 सीट पर उम्मीदवार उतारे थे और वह 105 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। शिवसेना ने 126 सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 56 पर जीत मिली थी। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने 147 सीट पर उम्मीदवार उतारे थे और उसे 44 सीट पर जीत मिली थी, जबकि राकांपा को 121 में से 54 सीट पर जीत हासिल हुई थी।

### पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची में कई दिग्गजों पर लगाया दांव

पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर और पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। लोकसभा सांसद नारायण राणे के बेटे नितेश राणे को कंकावली से टिकट दिया गया है। सूची में मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष सेलार का नाम भी शामिल है, जिन्हें वांद्रे पश्चिम सीट से मैदान में उतारा गया है। अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में वंद्रे पश्चिम से मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार, कंकावली से नितेश राणे, जामनेर से गिरीश महाजन, बल्लारपुर से सुधीर मुनगंटीवार, मालाबार हिल से मंगल प्रभात लोढ़ा, कोलाबा से राहुल नार्वेकर और सतारा से छत्रपति शिवाजी के वंशज छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले शामिल हैं।

**टीएमसी के 6 उम्मीदवार घोषित**

### मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा को उतारा



कोलकाता-पश्चिम बंगाल विधानसभा उपचुनाव के लिए टीएमसी ने 6उम्मीदवारों की सूची जारी की। मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा, नैहाटी से सनत डे, सिताई से संगीता रॉय, तालडांगरा से फाल्गुनी सिंहबाबू को टिकट मिला है। मदारीहाट से जयप्रकाश टोप्पो, हरोआ से रबीउल इस्लाम को प्रत्याशी बनाया गया है। इसकी जानकारी दी गई है।

**राउत के बयान से मची हलचल**

### 6 महीने के लिए महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगेगा



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में एक महीने का समय बचा है। इस बीच, शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला है। ये लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। अमित शाह महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रच रहे हैं।

#### उपचुनाव के लिए किया प्रत्याशियों का ऐलान

### आप ने पंजाब की चारों सीटों पर उतारे उम्मीदवार



पंजाब में डेरा बाबा नानक, गिद्दड़बाहा, बरनाला और चब्बेवाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं। 13 नंवबर को मतदान होगा। इसके लिए आम आदमी पार्टी ने अपने चारों उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा, बरनाला से हरिंदर सिंह धालीवाल, चब्बेवाल से ईशान चब्बेवाल और गिद्दड़बाहा से हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों को उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले अपने उम्मीदवारों का एलान किया है।

#### शिवसेना यूबीटी ने दे दी एमवीए को धमकी

### 24 घंटे तक करेंगे कांग्रेस का इंतजार, फिर...



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीखें फाइनल हो चुकी हैं। ऐसे में पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने में जुटी हुई हैं। महायुति की सहयोगी पार्टी भाजपा ने अपनी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। महाविकास अघाड़ी यानी एमवीए में भी सीटों को लेकर चर्चा चल रही है। इसी को लेकर उद्धव ठाकरे नेबैठक में सीट बंटवारे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी संभावित उम्मीदवारों को प्रचार शुरू करने के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं, ये भी जानकारी आ रही है कि ठाकरे सेना ने कांग्रेस को 24 घंटे का समय दिया है।

#### झारखंड में राजद ने कांग्रेस-जेएमएम को दिखाए तेवर

### बिहार में 4 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार




झारखंड में इंडिया गठबंधन भारी बवाल हो गया है। जेएमएम की तरफ से कम सीटों का ऑफर दिए जाने के बाद राजद ने अलग होकर चुनाव लड़ने तक की धमकी दे दी है। राजद प्रवक्ता मनोज झा ने रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि 12-13 सीटों से कम राजद को स्वीकार्य नहीं है। झारखंड की 18-20 सीटों पर राजद की मजबूत पकड़ है। झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस-जेएमएम के साथ बातचीत पर मनोज झा ने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य भाजपा को हराना है। हम इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

---

#### अब जयपुर में भी 'सख्त' कार्रवाई

## संघ के लोगों पर हमला करने वालों के घर पर चला बुलडोजर



एजेंसी ▶▶ जयपुर

यहां के मंदिर में 10 आरएसएस कार्यकर्ताओं पर चाकू से वार करने के मामले के बाद बुलडोजर चला है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के घर पर बुलडोजर चला दिया है।

पुलिस न् कहा कि एक मंदिर में जागरण प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पास में रहने वाले पिता-पुत्र आए और कुछ देर चाकू से हमला कर दिया। अब अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए आरोपी नसीब चौधरी के घर पर बुलडोजर चल रहा है।नसीब और उसका बेटा पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्होंने मंदिर की जमीन पर कब्जा कर 2 कमरों का घर बना लिया था। इसी अवैध अतिक्रमण को हटाने बुलडोजर चला।

### दो लोगों को हिरासत में लिया गया

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उसने बताया कि गुरुवार रात शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में जागरण के बाद जब श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खीर वितरित की जा रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाले दो लोगों ने देर रात कार्यक्रम करने पर आपत्ति जताई।

### 10 में से 6 लोग अभी अस्पताल में भर्ती

इस मामले पर कहा कि कहासुनी होने पर आरोपियों ने अन्य लोगों को बुलाया और लोगों पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें 10 आरएसएस कार्यकर्ता घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों में से छह को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अन्य लोगों की तलाश की जा रही


पुलिस ने बताया कि आरोपी नसीब चौधरी और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और हमले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उसने बताया कि मामले में आगे जांच की जा रही है। इससे पहले इस घटना से आक्रोशित कुछ लोगों ने कुछ समय के लिए दिल्ली-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित कर दिया। हालांकि, उन्होंने गुरुवार देर रात अपना धरना वापस ले लिया।

---

## खबर संक्षेप

### मंगलूरू में ट्रेन पलटने की साजिश, पत्थर रखे

**मंगलूरू ।** देश में ट्रेनों को बेपटरी करने की कई साजिशों का खुलासा हो चुका है। मंगलूरू में रेलवे ट्रैक पर बजरी और पत्थर रखकर ट्रेन को पलटाने की नापाक साजिश रची गई। मंगलूरू में उल्लाल के पास ट्रैक पर बजरी और पत्थर रखे थे।



### शाम को मामा की मौत सदमे में भांजे ने तोड़ा दम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र में मामा की मौत के बाद भांजे की भी मौत हो गई। भांजा बचपन से ही मामा के घर पर रहता था। मामा की बीमारी के चलते मौत हो गई, जिसका सदमा भांजा बर्दाश्त नहीं कर पाया।



### बंगाल में बच्ची के साथ बुजुर्ग ने की गंदी हरकत

**पूर्वी बर्दवान।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के कटवा में एक बुजुर्ग को 3साल की बच्ची के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और रविवार को जिला अदालत में पेश किया।



---

#### भागलपुर में मूर्ति खंडित करने पर बौखलाए लोग

## गुस्साए लोगों की भीड़ ने सड़क जाम कर आगजनी की, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

अब सात लोगों को हिरासत में लिया गया

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

बिहार के झारखंड से सटे भाग भागलपुर जिले से बड़ी खबर है। यहां सन्हौला बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को खंडित किया गया।

इसके विरोध में लोग सड़क पर उतरेऔर मोर्चा खोल दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन गुस्साए लोगों की भीड़ ने सड़क जाम कर आगजनी की। पुलिस और थाने पर पथराव किया, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ गया। अब सात लोगों को हिरासत में लिया गया है।



### पुलिस पर भी पथराव किया

भागलपुर सनहौला थाना इलाके में तालाब के पास राम सीता और राधा कृष्ण मंदिर का मंदिर है। यहां रविवार को ग्रिल गेट तोड़कर कर असामाजिक तत्वों ने राम जी की मूर्ति को खंडित कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव शुरू कर दिया।

### पुलिस ने पैदल मार्च निकाला, हिदायत दी

कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद और कहलगांव अनुमंडल पदाधिकारी ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें कई थानों की पुलिस के साथ ड्रोन कैमरे से पूरे इलाके की मॉनिटरिंग की जा रही है। शांति बनाने की अपील की जा रही है।

---

### विषाक्त नाश्ता करने के कारण करीब 200 लोग बीमार, भर्ती



**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नाश्ता करने के बाद खाद्य विषाक्तता के कारण 200 लोग बीमार हो गए। यह घटना शनिवार रात सरुपथार क्षेत्र स्थित उरीअमघाट के पसघोरिया गांव में हुई। यहां प्रदीप गोगोई की मां की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई थी। नाश्ते के रूप में मुरमुरे और क्रीम परोसा गया था।

---

## इंश्युरेंस से हटेगा टैक्स तो मिलेगी भारी राहत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टर्म और हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम को जल्द जीएसटी मुक्त किया जा सकता है। लंबे समय से ये मांग विभिन्न मंचों से केंद्र सरकार के कानों तक जा रही थी।

दरअसल, जीएसटी काउंसिल द्वारा इस मामले में बनाई गई मंत्री समूह यानी जीओएम की शनिवार को हुई बैठक में इसपर एक सहमति बन गई है। इस बैठक के दौरान फैसला किया गया है कि 5 लाख रुपये तक के कवरेज वाले हेल्थ इंश्योरेंस व टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाले टैक्स को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की ओर से दिए जाने वाले हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम को भी कर मुक्त करने पर सहमति बन गई है। इसे लेकर जल्द अंतिम फैसला लिया जा सकता है। मेडिकल इंश्युरेंस और टर्म इंश्युरेंस पर टैक्स हटाने पर सरकार को तकरीबन 2 हज़ार 400 रुपए का घाटा होगा, जिसकी भरपाई 25 हज़ार से ऊपर की महंगी घड़ियां और 15 हजार से ज्यादा के महंगे जूतों पर लगने वाले टैक्स को 18 फ़ीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी बढाकर केंद्र सरकार अपनी झोली में 22 हजार करोड़ रुपए से करेगी। 5 लाख रुपए से ज्यादा के हेल्थ इंश्योरेंस पर पहले की तरह ही 18 फीसदी का टैक्स जारी रहेगा। जीएसटी काउंसिल को इस महीने के आखिर तक अंतिम निर्णय कर सकता है। काउंसिल ने पिछले महीने ही लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए एक 13 सदस्यी मंत्री समूह गठित की थी।

मान कर चलिए कि 50 साल का कोई शख्स इस समय पांच लाख रुपए के कवरेज वाले हेल्थ इंश्योरेंस के लिए करीब 27 हजार 500 रुपए का प्रीमियम का भुगतान करता है। अगर ये नियम लागू हो गया तो अब उसे अपने इस प्रीमियम पर 4 हजार 100 रुपये की जीसीटी नहीं देनी होगी। यानी अगले साल जब वह अपना प्रीमियम पे करेगा तो उसे 27 हजार 500 की जगह 24 हजार 400 रुपए का ही भुगतान करना होगा।

---

## प्रधानमंत्री मोदी ने छग को हवाई यात्रा का तोहफा दिया, आर्थिक-सामाजिक प्रगति की रफ्तार बढ़ेगी

# सरगुजा जुड़ा एयर मैप से, महामाया एयरपोर्ट का किया शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश का दूरस्थ आदिवासी बहुल अंचल छत्तीसगढ़ का सरगुजा ज़िला अब हवाई सेवा से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा का वर्चुअल उद्घाटन कर सरगुजा और इसके आसपास के जिलों को हवाई यात्रा की सुविधा का तोहफा दिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

हवाई सेवा सरगुजा और इसके आस-पास के जिलों जैसे जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लाखों लोगों के जीवन में एक नया अध्याय लेकर



आएगी। इससे लोगों को आसानी से देश के बड़े शहरों तक हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी, जो पहले के मुकाबले किफायती और समय की बचत वाला विकल्प होगा। इससे न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि इस क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी एक नई रफ्तार जुड़ेगी। इस क्षेत्र के लोग इस नई सेवा के जरिए दिल्ली, कोलकाता, रायपुर, बिलासपुर और अन्य प्रमुख शहरों से सीधा जुड़ सकेंगे। हवाई सेवा की शुरुआत सरगुजा अंचल की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, "मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन सरगुजा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल हवाई यात्रा को सुगम बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि हमारे आदिवासी समुदाय और दूरदराज के क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। हमें गर्व है कि हम अपने प्रदेश को विकसित भारत 2047 के सपने की ओर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। एयर कनेक्टिविटी न केवल यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी।"

### एयर कनेक्टिविटी: विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक कदम

सरगुजा की हरी-भरी वादियों में बसे आदिवासी अंचल के लोग जब भी बड़े शहरों की ओर रुख करते, तो लंबी और थका देने वाली यात्रा का ख्याल उन्हें परेशान कर देता। इस दूरस्थ इलाके की खास पहचान तो उसकी प्राकृतिक सुंदरता है, पर यहां के लोगों के लिए देश के दूसरे हिस्सों से जुड़ना हमेशा एक चुनौती रहा है। पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर का उद्घाटन कर यह सुनिश्चित किया कि सरगुजा का यह क्षेत्र देश की विकास यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा बने। मोदी का यह संकल्प केवल एक एयरपोर्ट की शुरुआत नहीं, बल्कि एक बड़े सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है। यह हमारे 'विकसित भारत 2047' के संकल्प का प्रतीक है। जब उन्होंने छग को यह सौगात दी तो, अंबिकापुर के लोगों के चेहरे पर एक नई उम्मीद की चमक थी। यह जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लाखों लोगों को मुख्यधारा से जोड़ेगा।

### *आर्थिक विकास और निवेश की संभावनाएं और बढ़ेंगी*

*प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर सरगुजा के आर्थिक विकास की बात पर जोर देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल आवागमन को सरल बनाएगा बल्कि क्षेत्र में निवेश को भी आकर्षित करेगा। हवाई सेवा से यहां के स्थानीय उद्योगों को नए बाजार मिलेंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यहां के छोटे व्यवसाय, जैसे हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, और कृषि उत्पाद, अब देश के दूसरे हिस्सों में आसानी से पहुंच सकेंगे। सरगुजा के कृषि उत्पादों की देशभर में मांग है, और अब यहां के किसान भी अपने उत्पादों को सीधे दिल्ली या कोलकाता के बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगा।*

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए 'ईश्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन' होगा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया 21 अक्टूबर यानी सोमवार को 'ईश्रम -वन स्टॉप सॉल्यूशन' का शुभारंभ करेंगे। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए एक स्थान पर हर तरह का समाधान देने की घोषणा की थी।

### आवक बढ़ने से तेल-तिलहन की कीमतों में हुई गिरावट

**नई दिल्ली।** खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के बीच देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षकों की यह आशंका निर्मूल साबित हुई है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बाद खाद्य तेलों की महंगाई बढ़ जायेगी। इसके उलट आयात शुल्क बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम भी गुजरात और राजस्थान में टूटे हैं।

### चेक कंपनी के अधिग्रहण के लिए जिंदल की बातचीत

**नई दिल्ली।** अपनी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है। नवीन जिंदल के स्वामित्व वाले कारोबारी घराने की पहले से ही ऑस्ट्रेलिया,मोजाम्बिक और ओमान जैसे देशों में इस्पात, बिजली और खनन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

# सीएसआर का पैसा इंटर्नशिप स्कीम पर खर्च कर सकेंगी पब्लिक सेक्टर कंपनियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) दिशानिर्देशों में संशोधन किया है।

- सीपीएसई को सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत खर्च करना होता है

अब सीपीएसई के सीएसआर में सामान्य विषय या थीम के रूप में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को शामिल किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष का उपयोग करने में थीम या विषय-आधारित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हैं। सीपीएसई को अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत किसी विशेष वर्ष के लिए निर्धारित 'थीम' पर खर्च करना होता है।

## सीपीएसई के लिए सीएसआर दिशानिर्देशों में किया गया संशोधन

### एक साल की इंटर्नशिप दो दिसंबर से होगी शुरू

पायलट परियोजना के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी। इसपर 800 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को इसके तहत लाने का लक्ष्य है। पीएम इंटर्नशिप योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2024-25 के बजट में की थी।




### योजना में 500 कंपनियां शामिल

इस योजना के तहत शीर्ष 500 कंपनियां 21-24 वर्ष की आयु के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी और साथ ही जीवन बीमा सुरक्षा भी प्रदान करेंगी। एक वर्ष के लिए 5,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता के अलावा, इंटर्न के लिए 6,000 रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। मासिक सहायता में सरकार द्वारा 4,500 रुपये और कंपनी द्वारा अपने सीएसआर कोष से 500 रुपये दिए जाएंगे।

**स्वास्थ्य व पोषण में जोड़ी गई सीएसआर योजना**

*"हमने 2024-25 के लिए सीपीएसई द्वारा सीएसआर गतिविधियों के लिए सामान्य विषय के रूप में 'स्वास्थ्य और पोषण' में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को जोड़ा है। सीपीएसई इस वित्त वर्ष में अपने सीएसआर कोष का 60 प्रतिशत 'स्वास्थ्य और पोषण' और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर खर्च करेंगे।"*

**25 अक्टूबर तक पोर्टल पर होगा पंजीकरण**

*योजना के तहत 25 अक्टूबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है और 26 अक्टूबर को आवेदकों का नाम छांटा जाएगा। इसके बाद 27 अक्टूबर से सात नवंबर तक कंपनियों द्वारा उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके बाद चयनित उम्मीदवारों के पास पेशकश (ऑफर) स्वीकार करने के लिए आठ से 15 नवंबर तक का समय होगा। एक उम्मीदवार को अधिकतम तीन पेशकश दी जाएंगी।*

## शहरी खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती, छह रुपए महंगी हो सकती है सीएनजी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है।

भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

### पुराने क्षेत्रों से उत्पादन पांच फीसदी प्रति वर्ष घट रहा

मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है।

## 90 फीसदी मांग पुराने क्षेत्रों से होती थी



*सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है।*

- ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है
- वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी में वृद्धि संभव
- पुराने क्षेत्रों से उत्पादित कीमतों को सरकार करती है नियंत्रित




### केंद्र सीएनजी पर 14 फीसदी उत्पाद शुल्क वसूलती है

एक विकल्प यह है कि सरकार सीएनजी पर उत्पाद शुल्क में कटौती करे। वर्तमान में, केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत उत्पाद शुल्क वसूलती है, जो 14-15 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है। उन्होंने कहा कि अगर इसमें कटौती की जाती है, तो खुदरा विक्रेताओं को बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डालना पड़ेगा।

### दिल्ली व मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजार

सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी एक राजनीतिक मुद्दा भी है क्योंकि महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव होने हैं और दिल्ली में भी जल्द चुनाव होने हैं। दिल्ली और मुंबई देश के सबसे बड़े सीएनजी बाजारों में से हैं।

### 4 से 6 रुपए की हो सकती है बढ़ोतरी

सूत्रों ने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी।

### समाधान के लिए मंत्रालय से बातचीत

पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।



नई दिल्ली। द राइजिंग इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन (दिल्ली) की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया। द राइजिंग इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन (दिल्ली) के प्रमुख सुनील चौधरी ने सभी सम्मानितों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एआई के एकीकरण से कंपनियों के उत्पादता में आई वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ल।** बड़ी संख्या में कंपनियों का मानना है कि आज कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की कुंजी है। एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, इन संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव किया है। बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय की 'उद्योग 5.0 और एआई रिपोर्ट' के अनुसार, 44 प्रतिशत संगठनों ने एआई एकीकरण के जरिये उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा 21 प्रतिशत ने बताया कि एआई नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने, नए उत्पादों, सेवाओं और कारोबारी मॉडल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, खासकर वित्त, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और विपणन जैसे क्षेत्रों में ऐसा देखने को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 33 प्रतिशत संगठन उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि 29 प्रतिशत चैटबॉट और रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन (आरपीए) के जरिये ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहे हैं। करीब 19 प्रतिशत व्यवसाय रुझानों का विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करते हैं, जबकि 13 प्रतिशत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार के लिए एआई की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट 1,000 पेशेवरों की प्रतिक्रियाओं और 50 उद्योग विशेषज्ञों के साथ गहन बातचीत पर आधारित है।

### यूको बैंक के खराब ऋणों में एनसीएलटी के जरिए सुधार

कोलकाता। यूको बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान एनसीएलटी के जरिये 26 खातों से 414 करोड़ रुपये की वसूली की। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वसूली गई राशि में 393 करोड़ रुपये 14 समाधान खातों से और 21 करोड़ रुपये दीवाला कार्यवाही के तहत 12 खातों से आये हैं।




## राशिफल

**मेष:** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह:** कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु:** भाई–बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता–पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ:** कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

### सरकारी बैंकों में सीजीएम के पद बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता को देखते हुए उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मौजूदा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए एक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि ये दिशानिर्देश 2019 में जारी किए गए थे और तब से कोविड-19 महामारी के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पीएसबी के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इससे उन्होंने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

- दीपम का कहना अधिकारियों के पास संवेदशील जानकारी हो सकती है

# दीपम का अधिकारियों को शेयरों में कारोबार से बचने का निर्देश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने अपने अधिकारियों से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में कारोबार से बचने को कहा है। दीपम ने यह सलाह इसलिए दी है क्योंकि उसके अधिकारियों के पास सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में बाजार की दृष्टि से संवेदनशील जानकारी हो सकती है।

एक आंतरिक आदेश में दीपम ने कहा कि विभाग में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी घोषित करनी होगी और ऐसे शेयरों को संबंधित अधिकारी द्वारा विभाग से मंजूरी के बाद ही बेचा जा सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला दीपम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है। इसके अलावा वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री, रणनीतिक विनिवेश और निजीकरण के लिए भी जिम्मेदार है। एक अधिकारी ने बताया, ''दीपम ने एक आंतरिक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि विभाग के अधिकारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर नहीं खरीदेंगे या इन्हें साझा नहीं करेंगे।

## सौर उपकरण आयात 2030 तक होगा 30 अरब डॉलर




**नई दिल्ली।** भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। जीटीआरआई ने कहा कि भारत में एक आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निवेश करना होगा। जीटीआरआई ने आगाह करते हुए कहा कि इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

# इस सप्ताह शेयर बाजार में रह सकता है उतार-चढ़ाव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।



- कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे होगे जारी
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

*आईटीसी, यूनिलीवर आदि के आएगे परिणाम : मिश्रा ने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे।*

# कोटक महिंद्रा, स्टैंडर्ड चार्टर्ड का ऋण कारोबार खरीदेगा


**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने विदेशी स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के 4,100 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण पोर्टफोलियो को खरीदने की घोषणा की। हालांकि बैंक ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया। एक बयान के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक इस सौदे के तहत विदेशी ऋणदाता के ''मानक अग्रिम'' के रूप में वर्गीकृत व्यक्तिगत ऋणों को खरीदेगा। यह सौदा तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री **अनिल कुमार विल्सन** पुत्र पीटर विल्सन एवं श्रीमती **नीलिमा विल्सन** पत्नी अनिल कुमार विल्सन, निवासी- फ्लैट नंबर 201, पहली मंजिल RHS, प्लॉट नंबर 83 ए और 84 ए, गली नंबर 37, जे ब्लॉक, राजा पुरी, उत्तम नगर, दिल्ली- 110059, ने अपने पुत्र श्री **गिडियन आकाश विल्सन** के अवज्ञाकारी स्वभाव के कारण उससे सभी रिश्ते तोड़ लिए है तथा उसको अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है इसलिए मेरे मुवक्किल अपने बेटे श्री गिडियन आकाश विल्सन तथा उसकी पत्नी श्रीमती रेबेका विल्सन के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे, कोई भी व्यक्ति यदि उनसे किसी भी प्रकार का व्यवहार रखता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

**गौरव सदाना अधिवक्ता**
Enrl. No. D/6524/2021

## शब्द पहेली - 5668



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना,रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम,प्यार-2
13. थोड़ा,जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन,संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्,अच्छा-2
22. दम,ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स,मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ,कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता,बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न,नग-2
37. टी,चहा-2
39. याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम,संदेह-2

**शब्द पहेली -5667 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | र |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |



haribhoomi.com

# चेप्टेगी ने जीती वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन






एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी दूरी के महान धावक युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली जो ट्रैक से रिटायर होने के बाद उनका पहला खिताब है। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा विश्व चैंपियन और ओलंपिक चैंपियन चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकंड का समय लिया।

भारत में 2014 में बेंगलुरु में टीसीएस हाफ मैराथन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने वाले चेप्टेगी उस समय दूसरे स्थान पर रहे थे। कीनिया के एलेक्स मटाटा (59.53) दूसरे और किपकोरिर (59.59) तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने खिताब अपने नाम किया। इयायु ने एक घंटे 8 मिनट और 17 सेकंड का समय लिया। इथियोपिया की सिंथिया लिमो (1:08.27) दूसरे और टिरूये मेसफिन (1:09.42) तीसरे स्थान पर रही। सावन बरवाल ने (एक घंटा, दो मिनट और 46 सेकंड) और लिली दास (एक घंटा 18 मिनट और 12 सेकंड) ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला वर्ग के शीर्ष खिताब जीते।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट, 8 विकेट से मिली हार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



**सीरीज का दूसरा मैच पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा**

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिए 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 रन बनाए थे। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा। न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

# टी-20 विश्वकप : दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड की महिला टीम पहली बार बनी चैंपियन

- न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 158 रन बनाए, जवाब में दक्षिण अफ्रीका को 126 रन पर ही रोक दिया

भाषा ▶▶| दुबई




अनुभवी अमेलिया केर के हरफनमौला खेल के दम पर न्यूजीलैंड ने महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराकर पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' केर ने बल्ले से सबसे ज्यादा 43 रन बनाने के बाद तीन विकेट चटका कर मैच पर न्यूजीलैंड का दबदबा कायम किया। उन्होंने ब्रूक हैलिडे (38) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 158 रन बनाने के बाद पिछली बार की उपविजेता टीम दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक कर चैम्पियन बनने के उसके सपने को पूरा नहीं होने दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लौरा वुलवोर्ट ने 27 गेंद में 33 रन का योगदान दिय लेकिन उन्हें टीम के दूसरे बल्लेबाजों से अच्छा योगदान नहीं मिला।

## क्लोई ट्रायोन और नडिन डी क्लर्क को मिली एक-एक सफलता

दक्षिण अफ्रीका के लिए एन. म्लाबा ने दो जबकि आयाबोंगा खाका, क्लोई ट्रायोन और नडिन डी क्लर्क को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रही लौरा वुलवार्ट ने शुरुआती चार ओवरों में चार चौके लगाकर टीम की रनगति को बनाये रखा। तेजमिन ब्रिट्स ने छठे ओवर में रोजमेरी मायर्स के खिलाफ चौका लगाया जिससे पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 47 रन हो गया। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया। फ्रैंन जोनास ने सातवें ओवर में ब्रिट्स की 18 गेंद में 17 रन की पारी को खत्म करने के साथ पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी को तोड़ा। दसवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली अमेलिया केर ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली वुलवोर्ट को पवेलियन की राह दिखाने के बाद एनेक बोश (चार रन) को विकेटकीपर गेज के हाथों कैच कराया।

## एक ओवर में दो विकेट गंवाने के बाद अफ्रीका आई बैकफुट पर

एक ओवर में दो विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम बैकफुट पर आ गयी। दक्षिण अफ्रीका ने 11वें ओवर की आखिरी और 12वें ओवर की पहली गेंद पर दो और विकेट गंवा दिये। ईडन कार्सन ने मरिजान कैप (आठ) को जॉर्जिया प्लिमर के हाथों कैच कराया जबकि नाडिन डि क्लर्क (छह) जरूरी रनगति के 12 से अधिक होने के बाद क्लोई ट्रायोन ने लिया तहुहू के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन 16वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी हैलिडे ने सुने लूस (आठ) को पवेलियन की राह दिखाई। केर ने अपने 18वें ओवर में अनरी डर्कसन को बेट्स के हाथों कैच कराकर टूर्नामेंट में 15 विकेट पूरे किये। मेयर ने अगले ओवर क्लोई ट्रायोन (14) और सिनालो जाफ्ता (छह) को आउट कर न्यूजीलैंड की जीत लगभग पक्की कर दी।

## प्लिमर ने शुरूआती ओवर में जड़े दो चौके

इससे पहले प्लिमर ने शुरुआती ओवर में कैप के खिलाफ दो चौके लगाये लेकिन खाका ने अगले ओवर में उनकी नौ रन की पारी को खत्म कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलायी। केर ने क्रीज पर आते ही चौके से खाता खोला तो वहीं बेट्स ने खाका के खिलाफ चौथे ओवर का अंत चौके से किया। उन्होंने छठे ओवर में म्लाबा के खिलाफ अपनी पारी का तीसरा चौका लगाया जिससे पावर प्ले में न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर 43 रन बना लिये थे। म्लाबा ने आठवें ओवर में बेट्स को बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने इसके बाद न्यूजीलैंड को बड़ा शॉट खेलने का मौका नहीं दिया लेकिन टीम ने दौड़ कर रन चुराते हुए 10 ओवर में 70 रन बना लिये।

## 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर 100 रन पूरे किये

अगले ओवर में डि क्लर्क ने कप्तान सोफी डिवाइन (छह) को पगबाधा कर दक्षिण अफ्रीका को बड़ी सफलता दिलायी। अमेलिया केर के साथ क्रीज पर आयी ब्रुक हैलिडे ने 14वें ओवर में सुने लुस के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ 48 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। टीम ने 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर 100 रन पूरे किये। हैलिडे के साथ केर ने भी डि क्लर्क के इस ओवर में खिलाफ चौके जड़े। न्यूजीलैंड ने पिछले दो ओवर में 25 रन बटोर कर अपनी रनगति को तेज किया।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से हटे हेड



**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले परिवार के साथ समय बिताने के लिये पाकिस्तान के विरुद्ध सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला नहीं खेलेंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और टी20 श्रृंखला में भाग नहीं लेंगे। हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले ब्रेक लेंगे।

### आरएसपीबी, आईओसी ने फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड और इंडियन आइल कारपोरेशन ने सीनियर महिला अंतर विभाग राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आरएसपीबी ने भारतीय खेल प्राधिकरण को पहले सेमीफाइनल में 4-0 से हराया। नेहा (20वां मिनट), सलीमा टेटे (34वां) , कप्तान नवनीत कौर (38वां) और लालरेम्सियामी (60वां) ने गोल दागे। दूसरे सेमीफाइनल में आईओसी ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को 4-1 से हराया।

### सिनर ने जीती सिक्स स्लैम चैंपियनशिप



**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैंपियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कॅरियर में आखिरी बार यह चैंपियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे।

# शमी फिट, शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को बिना किसी परेशानी के नेट पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। शमी साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। शमी ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट के बाद नेट सत्र में गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में गेंदबाजी की।

इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने देश के लिए अपना पिछला मुकाबला 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में खेला था शमी ने अभ्यास के दौरान भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी की। शमी के बाएं पैर में पट्टी बंधी थी। उन्होंने छोटे रनअप के साथ गेंदबाजी शुरू करने के बाद पूरे रनअप और अच्छी गति के साथ गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने नायर को अपनी स्विंग गेंदों से परेशान भी किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्ररक्षण अभ्यास करने के बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत भी की।

## रणजी ट्रॉफी: मुंबई जीत से 61 रन दूर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और मध्यक्रम बल्लेबाज अंकित बावने के शानदार शतकों के बावजूद गत चैंपियन मुंबई रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन जीत के करीब पहुंच गया। महाराष्ट्र ने अपनी दूसरी पारी में 388 रन बनाए। इस तरह से मुंबई को जीत के लिए 74 रन का लक्ष्य मिला। उसने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 13 रन बनाए और इस तरह से वह लक्ष्य से अब केवल 61 रन दूर है।

# सुंदर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शेष दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में आठ विकेट की हार के बाद चयनकर्ताओं ने वाशिंगटन को टीम में शामिल कर लिया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को दिल्ली के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में तमिलनाडु के लिए 152 रन बनाने के बाद टीम में शामिल किया गया है। वाशिंगटन ने जनवरी 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने पदार्पण टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावित किया था। न्यूजीलैंड श्रृंखला के बाद भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे को देखते हुए वाशिंगटन को एक बार फिर से टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में कहा, 'वाशिंगटन सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम के साथ जुड़ेंगे।'

**जीते 11 पदक**

# एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते।

भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 10 किमी दौड़ में सीमा ने 37:20 मिनट का समय लेकर हमवतन संजीवनी जाधव को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। संजीवनी ने भी 37:20 मिनट का समय निकाला लेकिन फोटो फिनिश में वह पीछे रह गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# भारत ने पाकिस्तान को सात रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अल अमीरात



- इमर्जिंग एशिया कप टी20

भारत ए क्रिकेट टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एसीसी इमर्जिंग एशिया कप टी-20 में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।


शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने आठ विकेट गंवाकर 183 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 35 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज अंशुल कांबोज (3/33), रसिख डार सलाम (2/30) और निशांत सिद्धू (2/15) के आगे पाकिस्तान ए टीम सात विकेट पर 176 रन ही बना पाई। इस जीत की बदौलत भारतीय टीम ग्रुप बी में दो अंक और +0.350 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। यूएई फिलहाल इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसके दो अंक और +0.378 नेट रन रेट है। इस ग्रुप की चौथी टीम ओमान है।

## अभिषेक और प्रभसिमरन ने जोड़े 68 रन

भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभाई। अभिषेक 22 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, प्रभसिमरन ने 19 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 36 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कप्तान तिलक ने 35 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। नेहल वढेरा ने 22 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए।

# फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर से बाहर

एजेंसी ▶▶| ट्लेक्सकला



उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैंपियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ।

शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैंपियन माइक श्लोसेर से 150-146 से हार गए। वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गईं। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

**जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को खेले जाएंगे दो मैच**

# वरुण की भारतीय हॉकी टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरुण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

हॉकी इंडिया सूत्रों ने बताया कि सभी आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला के जरिए राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे।

गोलकीपर कृशण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा होंगे। टीम के बारे में कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हम जर्मनी से खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हमने अनुभवी टीम चुनी है और इसमें कई खिलाड़ी वहीं हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है। राजिंदर और आदित्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करेंगे जिन्होंने शिविर में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।'

## भारतीय टीम

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा।
**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह , अमित रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित, नीलम संजीप सेस और संजय
**मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह
**फॉरवर्ड :** मनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, अभिषेक, आदित्य अर्जुन लालागे, दिलप्रीत सिंह और शीलानंद लाकड़ा।




2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही इस्तेमाल से परिवर्तनकारी बदलाव संभव : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आकांक्षी भारत के बीच संतुलन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम आकांक्षी भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सफलतापूर्वक सही उपयोग करते हैं, तो इससे परिवर्तनकारी बदलाव हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया एआई को एक अवसर के रूप में देख रही है, जबकि भारत के लिए यह एक चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है।

### खास बातें

1. देश के 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने करवा लिया अपना पंजीकरण
2. पाठ्यक्रमों में 1.5 करोड़ से अधिक प्रमाण पत्र प्राप्त हुए ये भी एक उपलब्धि है
3. 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध, इससे जानकारी एकत्रित करने में मदद मिलेगी



### आईजीओटी की सराहना

*प्रधानमंत्री ने आईजीओटी प्लेटफॉर्म की सराहना की और कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर 40 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया है। 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं और अधिकारियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में 1.5 करोड़ से अधिक प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान अलग-अलग काम करने को मजबूर होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने उनके बीच साझेदारी और सहयोग बढ़ाने की कोशिश की है। उन्होंने प्रशिक्षण संस्थानों से संचार के उचित चैनल स्थापित करने, एक-दूसरे से सीखने, चर्चा करने और वैश्विक स्तर के सर्वोत्तम तौर तरीकों को अपनाने तथा समग्र सरकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में की गई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा का निर्माण करना था।*

### देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक

प्रधानमंत्री ने बीते शनिवार को नई दिल्ली के डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से हमारा लक्ष्य ऐसे मानव संसाधन तैयार करना है, जो हमारे देश के विकास की प्रेरक शक्ति बने। अभी तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हम इसी उत्साह के साथ काम करते रहेंगे तो देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान मिली नई सीख और अनुभव हमें कार्य प्रणालियों को बेहतर बनाने की क्षमता और मदद देंगे, जिससे हमें 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

### शोध एजेंसियों और युवाओं से मदद लें

*प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण सूचना समानता एक मानक बन गई है। एआई के साथ, सूचना तैयार करना भी समान रूप से आसान हो रहा है, जिससे नागरिकों को जानकारी मिल रही है और उन्हें सरकार की सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। इसलिए, सिविल सेवकों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है, जिससे बेहतर होते मानकों को पूरा किया जा सके, जिसमें मिशन कर्मयोगी मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने नई सोच और नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।*

बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी

# सुरक्षाबलों ने ग्रेनेड फेंकने वाले दो आतंकी पुंछ से किए गिरफ्तार

गुरुद्वारों, मंदिरों अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे

## आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण प्रगति

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जहां चिनार क्रॉप्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया है। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया और चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। चौकस सैनिकों ने प्रभावी फायरिंग के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि गिरफ्तारियों से कई ग्रेनेड हमलों के मामलों को सुलझाने में मदद मिली है।

बारामूला जिले के उरी क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक पोस्ट में बताया कि आतंकवादियों की संभावित घुसपैठ की खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त रूप से एक ऑपरेशन शुरू किया गया है



### तनाव बढ़ाने की हुई थी कोशिशें

आनंद जैन ने कहा, हमने एक बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि हमने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ग्रेनेड फेंकने और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियां की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे। जहां आतंकवादियों का उद्देश्य क्षेत्र की साम्प्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था। इससे पहले शुक्रवार को, सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पुष्टि की कि संदिग्ध के पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए, जो हाल के आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है।

### कई वारदात में थे शामिल

*यह ऑपरेशन आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इन दोनों आतंकियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। वहीं ये लोग गुरुद्वारा, सेना के शिविर और अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर हथगोलों से हमला करने की फिराक में थे, जिससे पुंछ जिले में दहशत का माहौल पैदा कर सकें। हालांकि इससे पहले ही ये लोग पुलिस की गिरफ्त में आ गए। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ही आतंकियों ने बताया कि सीमा पार से उन्हें हथियारों और गोला बारूद की चार खेप मुहैया कराई गई थी साथ ही 1.50 लाख रुपए भी मिले थे। दोनों ने बताया कि उन्हें पिस्तौल चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई।*

भारत से टकराव के बाद बढ़ीं मालदीव की मुश्किलें

# पर्यटकों की कमी: दिल्ली से मदद मिलने के बावजूद गहराया संकट

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल, अपनी मुद्रा की लगातार बदल रही स्थिति और पर्यटकों की कमी के चलते देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी पैदा हो गई है। ऐसे में मालदीव ने अब विदेशी मुद्रा को लेकर नए नियम तैयार किए हैं।



इसके तहत अब देश में विदेशी मुद्रा के जरिए लेनदेन के तरीकों को सीमित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन संस्थाओं और बैंकों में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था बीते कुछ दिनों में नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। खासकर भारत से टकराव के कारण मालदीव की आर्थिक स्थिति को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, मालदीव से भारत को बाहर करने की नीति (इंडिया आउट कैंपेन) चलाकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जु की सरकार की नीतियों के चलते भारतीय पर्यटकों के मालदीव जाने में भारी कमी आई है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पर्यटन सेक्टर पर प्रभाव पड़ने की वजह से इस द्वीप देश की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है।

मालदीव के केंद्रीय बैंक और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने 1 अक्टूबर को कुछ नए विनियम लागू किए हैं। इसके तहत पर्यटन उद्योग द्वारा विदेशी मुद्रा के जरिए जुटाई गई राशि को स्थानीय बैंकों में जमा कराना जरूरी है। मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण, जिसने अगस्त में ही डॉलर के खर्च को लेकर सख्त सीमा लगा दी थी, उसने इस बार डॉलर की कमी के चलते स्थानीय धिवेही भाषा में नए नियमों का एलान किया।


### बिल जारी करने पर रोक लगाई

*एमएमए की तरफ से जारी नए विनियमन और एफएक्यू के मुताबिक, इसमें यह भी प्रावधान है कि वस्तुओं और सेवाओं, कार्यों के मूल्य, शुल्क, प्रभार, किराए और मजदूरी के भुगतान स्थानीय मुद्रा में किए जाएंगे और इन लेनदेन के लिए विदेशी मुद्रा में बिल जारी करने पर रोक लगाई गई है। छूट प्राप्त लेन-देन में निर्यात, अंतरराष्ट्रीय लेनदेन, धनप्रेषण सेवा प्रदाताओं के लिए भुगतान और वे लेनदेन शामिल हैं, जिनका भुगतान कानूनी रूप से अमेरिकी डॉलर में करना अनिवार्य है।*

# पत्नी और बच्चों के संग सुरंग में छिपता हुआ दिखा याह्या सिनवार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजरायली डिफेंस फोर्स ने हमास चीफ याह्या सिनवार की मौत से पहले का नया फुटेज जारी किया है, जिसमें वह सुरंग के भीतर जाता नजर आ रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागरी ने कहा कि भयानक हमलों से पहले सिनवार 6 अक्टूबर की रात अपने परिवार के साथ भूमिगत बंकर में जाते दिखा। वह खुद के जीवित रहने की तैयारी में जुटा था। फुटेज में दिख रहा है कि कैसे उसके लिए भोजन और दूसरी वस्तुओं की सप्लाई की जा रही है, ताकि लंबे समय तक वह सुरंग के भीतर रह सके।



## इजराइल ने जारी किया नया वीडियो

### बचाव के प्रयास

यह वीडियो क्लिप 6 अक्टूबर की देर रात का बताया जा रहा है, जबकि 7 अक्टूबर के इजरायल पर घातक हमला हुआ था। वीडियो में सिनवार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भूमिगत सुरंग में जाता दिख रहा है। इसे लेकर हागरी ने कहा कि एक बार फिर साबित होता है कि आतंकी संगठन हमास के नेता अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं।

पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर को रूस में रहेंगे

# ब्रिक्स से ज्यादा पुतिन-जिनपिंग से मुलाकात रहेगी महत्वपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन के लिए रूस दौरे पर जाने वाले हैं। बताया गया है कि पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर रूस में रहने वाले हैं, वहां पर उनकी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होनी है। इसके ऊपर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी पीएम मुलाकात करने वाले हैं। इस साल यह उनकी दूसरी मुलाकात होगी। माना जा रहा है ।



सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही

पीएम मोदी की लीडरशिप में विश्वास दिखा रही है दुनिया

### इस बार ब्रिक्स सम्मेलन है खास

खबर है कि जिन मुद्दों के साथ ब्रिक्स की पिछली बैठकें संपन्न हुई हैं, उन्हीं मुद्दों पर आगे बढ़ा जाएगा। इस बार ब्रिक्स बैठक का टॉपिक 'वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' रखा गया है। अब इस सम्मेलन के दौरान पुराने कार्यों की प्रगति पर तो चर्चा होने ही वाली है, साथ में किन नई दिशाओं में आगे बढ़ा जा सकता है, कहां देशों के बीच और ज्यादा सहयोग रह सकता है।

### पुतिन से मुलाकात के मायने

*अगर यह मुलाकात हो जाती है तो दोनों ही देशों के बीच में रिश्ते फिर पटरी पर लौट सकते हैं। इसके अलावा रूसी राष्ट्रपति से तो पीएम का मिलना तय माना जा रहा है। हाल ही में वे यूक्रेन गए थे जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की और युद्ध पर भी चर्चा की। ऐसे में भारत की कूटनीति को बरकरार रखते हुए अब वे फिर पुतिन से भी बातचीत करने वाले हैं। यहां समझने वाली बात यह है कि दुनिया के कई देश रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत को एक मध्यस्त की भूमिका में देखते हैं।*

### जिनपिंग से मुलाकात के मायने

अब ब्रिक्स सम्मेलन को अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि पीएम मोदी और जिनपिंग की संभावित बैठक की चर्चा काफी ज्यादा है। 2020 के बाद से ही दोनों देशों के बीच में द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई है, लगातार बढ़ रहे सीमा विवाद ने भी स्थिति को सुधरने का मौका नहीं दिया था। लेकिन अब इस समय सीमा पर शांति है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109